www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्षः 25 अंक 52
सोमवार 8 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 41°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 3 रुपए
पृष्ठ-8

बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित

www.tarunmitra.in


## इजराइली हवाई हमले में लेबनानी सैन्य प्रमुख समेत 12 की मौत

**बेरूत, 07 जून।** अमेरिका की मध्यस्थता में घोषित सशर्त सैन्य विराम के बावजूद इजराइल और लेबनान के बीच संघर्ष एक बार फिर तेज हो गया है। इजराइली हवाई हमलों में लेबनान के सैन्य प्रमुख समेत 12 लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है तथा कई देशों ने हमले की कड़ी निंदा की है। लेबनानी सेना के अनुसार, दक्षिणी लेबनान के खारदली-नबातिह रोड पर सैन्य वाहन को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में सेना के सर्वोच्च कमांडर ब्रिगेडियर जनरल रुडोल्फ हैकल, एक कैप्टन और एक सैनिक की मौत हो गई।

बताया गया कि सैन्य प्रमुख पाकिस्तान की यात्रा पर जाने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उनका काफिला हमले का शिकार हो गया। इजराइली सेना (आईडीएफ) ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि कार्रवाई सक्रिय युद्ध क्षेत्र में हुई और पूरे मामले की जांच की जा रही है। दूसरी ओर, लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इसे देश की संप्रभुता तथा



- सैन्य विराम के बावजूद हमले तेज, कई देशों ने इजराइल की कड़ी निंदा की

अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन बताया। ईरान, सऊदी अरब, जॉर्डन, कतर और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन ने भी हमले की आलोचना करते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने की अपील की है। हिजबुल्लाह ने इसे 'घिनौना अपराध' करार देते हुए इजराइल पर संघर्ष विराम को विफल करने का आरोप लगाया।

इजराइली सेना का दावा है कि पिछले दो दिनों में उसने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के करीब 150 ठिकानों को निशाना बनाया है।

# विपक्षी एकजुटता की ताकत दिखाएगा इंडिया गठबंधन

## दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 23 दलों की बैठक आज, सरकार को घेरने पर मंथन होगा

**नई दिल्ली, 07 जून।** केंद्र सरकार के खिलाफ साझा राजनीतिक रणनीति तय करने और विपक्षी एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से इंडिया गठबंधन की अहम बैठक आज नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में होगी। दोपहर 12 बजे प्रस्तावित इस बैठक में 23 राजनीतिक दलों ने शामिल होने की पुष्टि की है। माना जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव और विभिन्न राज्यों के राजनीतिक हालात को देखते हुए यह बैठक विपक्ष की भावी रणनीति तय करने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बताया कि गठबंधन के 23 सहयोगी दलों ने बैठक में भाग लेने की सहमति दे दी है। कुछ दल अपने-अपने कारणों से बैठक में उपस्थित नहीं हो पाएंगे, लेकिन उन्होंने लिखित संदेश भेजकर गठबंधन के एजेंडे और सरकार के खिलाफ उठाए जा रहे मुद्दों का समर्थन किया है।

कांग्रेस का कहना है कि भारत की तरह इंडिया गठबंधन भी विविधता के बावजूद पूरी तरह एकजुट है और लोकतंत्र, संविधान तथा

### साझा रणनीति

- महंगाई, संविधान और मतदान अधिकार समेत कई मुद्दों पर बनेगी साझा रणनीति
- डीएमके रहेगा अनुपस्थित, 23 दलों ने बैठक में शामिल होने की पुष्टि की
- भाजपा ने बताया बिखरा गठबंधन, विपक्ष करेगा शक्ति प्रदर्शन

जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए साझा संघर्ष जारी रखेगा। बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ व्यापक चर्चा होगी। विपक्ष का आरोप है कि सरकार की कार्यशैली लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है, लाखों लोगों के मतदान के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और जांच



एजेंसियों का राजनीतिक इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इसके अलावा लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आम लोगों की आजीविका, युवाओं के भविष्य, निवेश के कमजोर माहौल और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी।

कांग्रेस का कहना है कि बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है और रोजगार के अवसर घटने से युवाओं में निराशा बढ़ी है। बैठक से पहले डीएमके के इसमें शामिल नहीं होने की घोषणा ने राजनीतिक हलकों में चर्चा जरूर तेज कर दी है। हालांकि कांग्रेस का दावा है कि अधिकांश सहयोगी दल बैठक में मौजूद रहेंगे और किसी एक दल की अनुपस्थिति से गठबंधन की मजबूती पर कोई असर नहीं पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार बैठक के बाद विपक्ष की ओर से साझा प्रस्ताव पारित किया जा सकता है तथा देशव्यापी राजनीतिक अभियान और संसद के भीतर-बाहर सरकार को घेरने की रणनीति का भी ऐलान संभव है।

उधर भाजपा ने इंडिया गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए इसे बिखरा हुआ मोर्चा बताया है।

पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि विभिन्न राज्यों के चुनावों के दौरान ही गठबंधन की एकता खत्म हो चुकी थी। इसके बावजूद कांग्रेस का दावा है कि आज की बैठक विपक्ष की एकजुटता का बड़ा संदेश देगी और केंद्र सरकार के खिलाफ साझा संघर्ष को नई दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आईडीएफ का दावा: हमास का नुखबा सेल कमांडर सक्र अबू करीम ढेर

**नई दिल्ली, 07 जून।** इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने दावा किया है कि दक्षिणी गाजा में की गई एक सैन्य कार्रवाई में हमास के नुखबा सेल कमांडर सक्र अबू करीम को मार गिराया गया। आईडीएफ के अनुसार, अबू करीम 7 अक्टूबर 2023 को किसूफिम क्षेत्र पर हुए हमले और नरसंहार के प्रमुख साजिशकर्ताओं में शामिल था तथा पूरे युद्ध के दौरान इजरायली सैनिकों पर हमलों की योजना बनाता और उन्हें अंजाम देता रहा।

### प्रधानमंत्री ने मेजर अभिलाषा बराक को दी बधाई

**नई दिल्ली, 07 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मेजर अभिलाषा बराक को 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक अधिवक्ता पुरस्कार-2025' से सम्मानित किए जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, 'मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र सैन्य लैंगिक समानता अधिवक्ता पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक बधाई! मेजर बराक लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में एक एंगेजमेंट टीम कमांडर और लैंगिक समानता केंद्र बिंदु के रूप में कार्यरत हैं। यह सम्मान उनकी अनुकरणीय सेवा और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना प्रयासों में भारत के दीर्घकालिक योगदान की मान्यता है।

### सड़क हादसे में पूर्व एसीएमओ की मौत

**बिजनौर, 07 जून (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में पूर्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ. महेंद्र सिंह की रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि रविवार सुबह वह बाइक से बिजनौर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बैराज रोड पर उनकी बाइक की एक ट्रक से टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि डॉ. महेंद्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गई।

### सूरत में टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से चार की मौत

**सूरत, 07 जून।** गुजरात के सूरत में रविवार को एक ज्वेलरी साफ करने वाली फैक्ट्री में जहरीली गैस की चपेट में आने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में तीन श्रमिक और एक सुपरवाइजर शामिल हैं। हादसा उस समय हुआ जब सभी फैक्ट्री के भूमिगत ईटीपी (एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) टैंक की सफाई कर रहे थे। जोन-1 के डीसीपी आलोक कुमार के अनुसार, फैक्ट्री से निकलने वाले रासायनिक कचरे को ईटीपी टैंक में जमा किया जाता है, जिसकी नियमित सफाई होती है। सफाई के दौरान एक श्रमिक टैंक में गिरकर बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए दो अन्य श्रमिक नीचे उतरे, लेकिन वे भी जहरीली गैस की चपेट में आकर अचेत हो गए। बाद में सुपरवाइजर भी उन्हें बचाने के प्रयास में टैंक में उतर गया और उसकी भी मौत हो गई।सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और चारों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## भारत के साथ खुले संवाद से सुलझेगा हर विवाद: शिशिर खनाल

**नई दिल्ली, 07 जून।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने रविवार को कहा कि भारत और नेपाल के बीच लंबित सीमा विवाद का समाधान केवल कूटनीति, आपसी विश्वास और सकारात्मक संवाद के माध्यम से ही संभव है।

उन्होंने कहा कि जब दोनों देश खुले दिल और स्पष्ट सोच के साथ बातचीत की मेज पर बैठते हैं तो कोई भी विवाद इतना बड़ा नहीं होता कि उसका समाधान न निकाला जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि नेपाल की नई सरकार भारत के साथ रिश्तों को नई ऊर्जा और व्यापक सहयोग के साथ आगे बढ़ाना चाहती है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई व्यापक द्विपक्षीय वार्ता के एक दिन बाद खनाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नेपाल अब भारत को 21वीं सदी की भू-राजनीति के संकीर्ण और अति संवेदनशील नजरिए से नहीं देखता। उनकी सरकार का उद्देश्य दोनों देशों के साझा हितों, आर्थिक विकास और क्षेत्रीय समृद्धि को ध्यान में रखते हुए परस्पर लाभकारी संबंधों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों पर भावनात्मक या अतिराष्ट्रवादी रुख अपनाने के बजाय तथ्य, संवाद और आपसी समझ के आधार पर समाधान तलाशना अधिक प्रभावी होगा।

खनाल ने भारत की तेज आर्थिक प्रगति और वैश्विक स्तर पर बढ़ती तकनीकी क्षमता की भी सराहना की।

# रसोई गैस पर महंगाई की मार, सिलेंडर 29 रुपये महंगा

**नई दिल्ली, 07 जून।** घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को महंगाई का एक और झटका देते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी है। नई दरें रविवार से पूरे देश में लागू हो गई हैं। कीमत बढ़ने के बाद दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये का हो गया है। इसी तरह कोलकाता में इसकी कीमत 968 रुपये, मुंबई में 941.50 रुपये और चेन्नई में 957.50 रुपये हो गई है। लगातार बढ़ती कीमतों से लाखों परिवारों के मासिक घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय माना जा रहा है।

तेल कंपनियों का कहना है कि लंबे समय से घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बिक्री लागत से कम कीमत पर की जा रही है। उद्योग से जुड़े सूत्रों के अनुसार प्रति घरेलू सिलेंडर पर कंपनियों को करीब 703 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक

### झटका




- बढ़ती कीमतों से रसोई का बजट फिर बिगड़ा, कांग्रेस ने महंगाई पर सरकार को घेरा
- घरेलू सिलेंडर 942 रुपये पहुंचा, चार महीनों में 89 रुपये बढ़े दाम

तनाव तथा ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ते दबाव के कारण लागत में लगातार वृद्धि हुई है।

कंपनियों का कहना है कि ताजा बढ़ोतरी के बाद भी घरेलू गैस की बिक्री पूरी लागत से कम कीमत पर हो रही है। इससे पहले 7 मार्च को भी घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार की स्थिति के अनुसार आगे भी कीमतों में बदलाव संभव है।

उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ाए जाने को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पिछले चार महीनों में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम 89 रुपये बढ़ा चुकी है, जबकि पिछले 12 वर्षों में इसकी कीमतों में करीब 530 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

खरगे ने दावा किया कि वर्ष 2025-26 में उज्ज्वला योजना के 5.56 करोड़ परिवारों ने केवल एक बार या एक भी बार सिलेंडर रिफिल नहीं कराया, जिनमें 3.30 करोड़ परिवार ऐसे हैं जिन्होंने एक भी रिफिल नहीं लिया।

## बंगाल में टीएमसी के पूर्व विधायक और पार्षद गिरफ्तार


**कोलकाता, 07 जून।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो नेताओं को अलग-अलग मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के मौजूदा पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता और पश्चिम मिदनापुर की मेदिनीपुर सीट से पूर्व विधायक सुजॉय हाजरा शामिल हैं। दोनों पर जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और जमीन कब्जाने जैसे गंभीर आरोप हैं। पुलिस ने शनिवार को वार्ड-101 के पार्षद बप्पादित्य दासगुप्ता को पटुली थाने की पुलिस ने जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया। थाने पहुंचने पर वहां मौजूद लोगों ने उनके खिलाफ 'चोर-चोर' के नारे लगाए। दासगुप्ता पहले भाजपा में थे, लेकिन 2010 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए थे।

## कड़कड़डूमा कोर्ट के स्कैनिंग रूम में आग, दस्तावेज जलकर खाक हुए

**नई दिल्ली, 07 जून।** राजधानी दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर में रविवार सुबह स्कैनिंग रूम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग कोर्ट परिसर के गेट नंबर-4 के पास दूसरी मंजिल पर स्थित स्कैनिंग रूम में लगी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की आठ गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 40 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

दमकल विभाग के अनुसार, आग लगने की सूचना सुबह 5:22 बजे मिली थी। इसके बाद तत्काल राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। सुबह 6:05 बजे डिविजनल ऑफिसर ने 'स्टॉप

### हादसा



- दमकल की आठ गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

मैसेज' जारी कर आग पर नियंत्रण की पुष्टि की। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि, आग की चपेट में आने से स्कैनिंग रूम में रखे कुछ दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए। ये दस्तावेज किस प्रकार के थे और कितना नुकसान हुआ है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। संबंधित विभाग नुकसान का आकलन कर रहा है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस और दमकल विभाग मामले की जांच में जुटे हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। गौरतलब है कि हाल के दिनों में दिल्ली में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं।

ऐसे में सार्वजनिक भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।

## उत्तर भारत में लू का अलर्ट 11 जून से राहत के आसार

**नई दिल्ली, 07 जून।** दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर हिस्सों में तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन उत्तर भारत के अधिकांश क्षेत्रों को अभी भी भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ेगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लिए अगले कई दिनों तक लू का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 8 से 11 जून के बीच दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के कई इलाकों में लू चलने की संभावना है।

हालांकि, 11 और 12 जून को इन क्षेत्रों में हल्की बारिश, गरज-चमक और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। झोंकों की गति 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है, जिससे तापमान में कुछ राहत मिल सकती है। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी का असर बरकरार रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 10 से 12 जून तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 11 और 12 जून को कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। इसके बावजूद 9 से 11 जून तक दोनों क्षेत्रों में लू चलने की चेतावनी दी गई है।

## तीन दिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे संघ प्रमुख मोहन भागवत

**पटना, 07 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन राव भागवत शनिवार दोपहर अपने तीन दिवसीय बिहार प्रवास पर पटना पहुंचे। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत प्रदेश के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने किया। पटना पहुंचने के बाद डॉ. भागवत शाम को मुंगेर के लिए रवाना होंगे, जहां वे 7 जून से 9 जून तक आयोजित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान उनका प्रमुख कार्यक्रम मुंगेर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज परिसर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में शामिल होना है। संघ के इस प्रशिक्षण वर्ग में बिहार सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

संघ शिक्षा वर्ग को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रमों में माना जाता है।




इस वर्ग में स्वयंसेवकों को संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्र जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाता है। डॉ. भागवत अपने प्रवास के दौरान स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे और उनसे संवाद भी करेंगे। संघ प्रमुख अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को संघ की विचारधारा, संगठन के आगामी कार्यक्रमों और शताब्दी वर्ष के आयोजनों के संबंध में जानकारी देंगे।

## मलयालम अभिनेता सलीम कुमार का 56 वर्ष की उम्र में निधन

**कोच्चि, 07 जून।** मलयालम सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता सलीम कुमार का शनिवार रात को 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह निमोनिया से पीड़ित थे और इलाज के लिए कोच्चि के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराए गए थे। अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था, जहां रात करीब 10:43 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न अभिनेता सलीम कुमार के निधन पर गहरा शोक जताया है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, सलीम कुमार का कुछ वर्ष पहले लिवर प्रतिरोपण भी हुआ था। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में हास्य कलाकार के रूप में पहचान बनाई और 1997 में मलयालम फिल्मों में पदार्पण किया। 2000 के दशक में अपनी बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय के दम पर वह इंडस्ट्री के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में शामिल हो गए।

### आरबीआई ने डायरेक्टरों के लिए तीन वर्ष का कूलिंग-ऑफ नियम लागू किया

# को-ऑपरेटिव बैंकों में अब खत्म होगा बोर्ड का वर्चस्व

प्रतिभा सिन्हा

**नई दिल्ली, 07 जून।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने देश के को-ऑपरेटिव बैंकिंग सेक्टर में गवर्नेंस सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अर्बन को-ऑपरेटिव बैंकों (यूसीबी) और रूरल को-ऑपरेटिव बैंकों (आरसीबी) के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के लिए नया 'कूलिंग-ऑफ पीरियड' लागू कर दिया है।

नए नियमों के तहत यदि कोई डायरेक्टर लगातार दस वर्षों तक किसी को-ऑपरेटिव बैंक के बोर्ड में बना रहता है, तो उसे उसके बाद तीन वर्ष तक बोर्ड से बाहर रहना होगा।

केंद्रीय बैंक ने इस संबंध में अंतिम संशोधित दिशा-निर्देश जारी करते हुए इन्हें तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया है। आरबीआई ने कहा है कि यह फैसला बैंकिंग रेग्युलेशन एक्ट, 1949 की भावना के अनुरूप को-ऑपरेटिव बैंकों में

### बड़ा कदम

- लगातार दस वर्ष बोर्ड में रहने वालों को अनिवार्य रूप से पद छोड़ना होगा
- नए गवर्नेंस नियमों से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ने की उम्मीद तेज

पारदर्शिता, संस्थागत जवाबदेही और स्वतंत्र निर्णय प्रक्रिया को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि लंबे समय तक एक ही व्यक्ति या समूह का बोर्ड पर प्रभाव बने रहने से निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है और संस्थागत संतुलन कमजोर पड़ सकता है। इसी को देखते हुए बोर्ड स्तर पर रोटेशन और नई भागीदारी सुनिश्चित करने की व्यवस्था लागू की गई है। दरअसल, आरबीआई ने इस विषय पर 8 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट संशोधन दिशा-निर्देश जारी किए थे।

ड्राफ्ट में निदेशकों की भूमिका, बोर्ड संचालन, जवाबदेही और गवर्नेंस मानकों से जुड़े कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे।

इसके बाद बैंकों, विशेषज्ञों और अन्य हितधारकों से सुझाव मांगे गए। समीक्षा और परामर्श प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब केंद्रीय बैंक ने अंतिम नियम अधिसूचित कर दिए हैं।

आरबीआई द्वारा जारी 'अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक्स-गवर्नेंस अमेंडमेंट डायरेक्शंस, 2026' और 'रूरल को-ऑपरेटिव बैंक्स-गवर्नेंस अमेंडमेंट डायरेक्शंस, 2026' में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति लगातार दस वर्ष से अधिक समय तक बोर्ड में नहीं रह सकेगा।

## भारतीय मूल के श्रीराम कृष्णन ने व्हाइट हाउस से इस्तीफे का किया ऐलान

**वाशिंगटन, 07 जून।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) नीति को आकार देने वाले चेन्नई में जन्मे भारतीय मूल के तकनीकी विशेषज्ञ श्रीराम कृष्णन इस महीने के अंत तक व्हाइट हाउस में वरिष्ठ एआई नीति सलाहकार का पद छोड़ देंगे। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा की।

42 वर्षीय कृष्णन ने कहा कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी जनता की सेवा करना उनके लिए सम्मान की बात रही। उन्होंने बताया कि पद छोड़ने के बाद कुछ समय का विराम लेंगे और फिर अमेरिका के सामने एआई से जुड़ी बड़ी चुनौतियों पर काम करने के लिए नई भूमिका में लौटेंगे। श्रीराम कृष्णन ट्रंप प्रशासन के महत्वाकांक्षी 'एआई एक्शन प्लान' के प्रमुख रणनीतिकार रहे। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षेत्र में नियमों को सरल बनाने, देशभर में डेटा सेंटरों के विस्तार और एआई नवाचार को बढ़ावा देने की नीति तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। वह उन सलाहकारों में भी शामिल रहे जिन्होंने राज्यों की एआई नियामक शक्तियों को सीमित करने संबंधी कार्यकारी आदेश का मसौदा तैयार किया। व्हाइट हाउस में उनके सहयोगी और राष्ट्रपति की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सलाहकार परिषद के सह-अध्यक्ष डेविड सैक्स ने कृष्णन की तकनीकी समझ, रणनीतिक सोच और नीतिगत विशेषज्ञता की सराहना करते हुए उनके योगदान को असाधारण बताया। चेन्नई में 1984 में जन्मे श्रीराम कृष्णन ने एसआरएम विश्वविद्यालय से बीटेक की पढ़ाई पूरी की।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को किया सम्मानित



गयाजी, 07 जून (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने रविवार को बिहार-झारखंड भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय संगठन महामंत्री एवं वर्तमान राष्ट्रीय संगठक (वरिष्ठ कार्यकर्ता संपर्क) नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को नई जिम्मेदारी मिलने पर अंगवस्त्र, विष्णु चरण चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी एक कुशल संगठनकर्ता, समर्पित कार्यकर्ता एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले व्यक्तित्व हैं उन्होंने लंबे समय तक बिहार एवं झारखंड में संगठन को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व, अनुभव एवं कार्यशैली से हजारोंकार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिली है तथा संगठन को नई दिशा प्राप्त हुई है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके अनुभव, निष्ठा एवं संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। यह न केवल उनके प्रति पार्टी नेतृत्व के विश्वास का प्रतीक है, बल्कि देशभर के कार्यकर्ताओं के लिए भी गौरव का विषय है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री त्रिपाठी अपने नवीन दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने का कार्य करेंगे। अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी जी का दीर्घ संगठनात्मक अनुभव, समर्पण, कार्यकुशलता एवं राष्ट्रसेवा की भावना भारतीय जनता पार्टी को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगी।

उनके मार्गदर्शन में संगठन निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक सुदृढ़ होगाडॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने ईश्वर से नागेंद्र नाथ त्रिपाठी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मंगलकामनाएं व्यक्त कीं।उक्त मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, संतोष ठाकुर, बबलू गुप्ता, आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

# अवैध गैस कारोबार का भंडाफोड़, 10 सिलेंडर समेत दो गिरफ्तार



कुरसेला, कटिहार, 07 जून (तरुणमित्र)। कुर्सेला में गुप्त सूचना के आधार पर प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी में अवैध रूप से गैस सिलेंडर रिफिलिंग और कालाबाजारी के मामले का खुलासा हुआ है। कार्रवाई के दौरान एक डाला वाला टेम्पू तथा 10 भरे हुए गैस सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, छापेमारी के दौरान मनोज कुमार साह (48 वर्ष), पिता- देवन साह, निवासी बरारी दुर्गा मंदिर, थाना बरारी, जिला कटिहार तथा कन्हाय साह (41 वर्ष), पिता- चौरासी साह, निवासी रानीतला, थाना जीरोमाइल, जिला भागलपुर को गिरफ्तार किया गया। दोनों पर जालसाजी, कालाबाजारी एवं जमाखोरी से संबंधित आरोप लगाए गए हैं।

प्रशासन ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद कुर्सेला के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) कुमार किंचित की उपस्थिति में छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान अवैध कारोबार में प्रयुक्त एक डाला वाला टेम्पू और 10 भरे हुए गैस सिलेंडर बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों आरोपितों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# कोढ़ा के निर्माणाधीन पुल के नीचे डायवर्सन में बह रहे पानी से यातायात में परेशानी, ठेकेदार पर मनमानी का आरोप



कोलासी, कटिहार, 07 जून (तरुणमित्र)। कोढ़ा फुलवरिया पंचायत के पचमा चौक से सेमापुर को जोड़ने वाली अत्यंत महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क में रज्जीगंज पचमा निमार्णाधीन पुल के डायवर्शन पार करने में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर आने जाने को विवश हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि संवेदक की लापरवाही से यह स्थिति उत्पन्न होने की बात कही है।

ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम के तहत गंगा दार्जिलिंग सड़क से करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क का प्रकलण राशि 18 करोड़ 92 लाख बताया जा रहा है ।स्थानीय ग्रामीण में कांग्रेस के युवा मोर्चा के विधानसभा अध्यक्ष मुरारी कुमार दास ने कहा कि संवेदक के द्वारा सही तरीके से डायवर्सन नहीं दिया। डायवर्सन में एक पाइप दिया था जो टूटकर बिखर गया है। पानी के बहाव से स्कूली छात्र-छात्रा, किसान, मजदूर, आम ग्रामीण सहित बीमार लोगों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।स्थानीय लोगों ने कहा कि मानसून के आने पर भारी वर्षा होगी।

समय रहते सही तरीके से डायवर्सन नहीं बनाया गया तो तीन पंचायत के बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन ठप हो जाएगा और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। स्थानीय लोगों में घुरल सिंह, चंद्रशेखर महतो, परमानंद महतो, सदानंद महतो आदि लोगों ने बताया कि दो माह पुर्व पुराने पुल को तोड़ दिया गया ।बगल में जैसे तैसे डायवर्सन निर्माण कर दिया। नतीजतन लगातार हो रही बारिश से डायवर्सन में पानी बहने से जान जोखिम में डालकर लोग पर कर रहे हैं।

खासकर नौनिहालों का नदी में डूबने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने जब संवेदक से शिकायत किया तो उनके द्वारा बताया गया कि एस्टमीट में डायवर्सन बनाने का प्रावधान नहीं है। इसीलिए ये स्थिति उत्पन्न हुई। स्थानीय लोगों में पुतुल झा जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए डायवर्सन निर्माण कर यातायात सुदृढ़ करने की मांग किया है।

## खान एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी का गया आगवन पर किया स्वागत

गयाजी, 07 जून (तरुणमित्र)। बिहार सरकार के खान एवं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी के आगमन पर गया परिसदन में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद सहित अनेक कार्यकताओं, समर्थकों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया ।स्वागत करते हुए राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने मंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रमोद चंद्रवंशी एक कुशल संगठनकर्ता, लोकप्रिय जननेता एवं समर्पित जनसेवक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में सदैव जनता की समस्याओं के समाधान तथा प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में खान एवं कला-संस्कृति विभाग निरंतर नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा है तथा राज्य की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि आज गया की पावन धरती पर मंत्री का स्वागत करने का अवसर प्राप्त होना हम सभी के लिए गौरव एवं सौभाग्य का विषय है।

## सोमवार को छह हजार किसानों के फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का लक्ष्य तय



दरभंगा, 07 जून (तरुणमित्र)। समाहरणालय स्थित अंबेडकर सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में बहादुरपुर, हायाघाट एवं दरभंगा सदर अंचलों के राजस्व कार्यों की समीक्षा में जिलाधिकारी ने राजस्व महाअभियान के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। समीक्षा के क्रम में परिमार्जन प्लस, भूमि मापी, दाखिल - खारिज, जमाबंदी सुधार तथा राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि जिन आवेदनों में आवश्यक दस्तावेजों की कमी है, उन मामलों में आवेदकों से आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर नियमानुसार कारवाई करें। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने 8 जून को जिले भर में फार्मर रजिस्ट्री आईडी निर्माण के लिए विशेष महाअभियान चलाने की बात कही।

उन्होंने सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारियों, राजस्व कर्मचारियों एवं किसान सलाहकारों को पूर्व निर्धारित लक्ष्य से दोगुनी संख्या में किसानों का पंजीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को सोमवार को कम से कम 6 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनवाने का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता (राजस्व) मनोज कुमार, डीसीएलआर सदर संजीत कुमार, सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं किसान सलाहकार ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पारा विधिक स्वयंसेवक चयन के लिए 30 जून तक होगा आवेदन

दरभंगा, 07 जून (तरुणमित्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय, दरभंगा न्यायमंडल में 72 पारा विधिक स्वयंसेवक की नियुक्ति किया जाना है। जिसमें (09 दरभंगा अनुमंडल, 30 बेनीपुर अनुमंडल एवं 33 बिरौल अनुमंडल) में नियुक्ति होगी। ऐसे व्यक्ति जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के उत्थान में रूचि रखते हैं तथा उनके लिए स्वैच्छिक सेवाकार्य करना चाहते हैं तथा जिन्हें विधिक सेवा प्राधिकार की ठीक समझ हो वे इस पद पर आवेदन कर सकते है। इसके लिए 10 बजे से 05 बजे तक हाथों हाथ 30 जून तक आवेदन जमा किया जाएगा।

### पिकअप से 1076 लीटर विदेशी शराब जब्त, भोजपुर का युवक गिरफ्तार

गया, 07 जून (तरुणमित्र)। जिले के आमस थाना क्षेत्र में मद्यनिषेध विभाग ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 1076.400 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है ।गुप्त सूचना के आधार पर राज विगहा के समीप चलाए गए विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान टीम ने संदिग्ध पिकअप वाहन संख्या खल्ट-10इइ-6823 को रोककर तलाशी ली ।जांच में वाहन के अंदर बड़ी मात्रा में विदेशी शराब छिपाकर ले जाई जा रही थी ।मौके पर ही वाहन को जब्त कर लिया गया और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया ।अधिकारियों के अनुसार बरामद शराब की कुल संख्या 2760 बोतल है, जिसे बिहार के विभिन्न इलाकों में खपाने की तैयारी थी ।गिरफ्तार युवक की पहचान विकाश कुमार (23 वर्ष), पिता जय कुमार सिंह, निवासी कुम्हैला गांव, थाना चारपोखरी, जिला भोजपुर के रूप में हुई है ।गिरफ्तारी के बाद मद्यनिषेध विभाग उससे पूछताछ कर शराब तस्करी के नेटवर्क, सप्लायर और डिलीवरी प्वाइंट से जुड़ी जानकारी जुटा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि यह खेप किसी संगठित तस्करी गिरोह से जुड़ी हो सकती है ।मामले में मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है ।जब्त वाहन और शराब को विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत कब्जे में लिया गया है ।विभाग का कहना है कि अनुसंधान जारी है और जल्द ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी ।मद्यनिषेध विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू होने के बावजूद पड़ोसी राज्यों से शराब की तस्करी के प्रयास लगातार सामने आ रहे हैं ।इसे देखते हुए प्रमुख मार्गों, सीमावर्ती क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ।आमस में की गई यह कार्रवाई भी इसी अभियान का हिस्सा है ।विभाग ने कहा कि शराब तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा ।इस कार्रवाई में सहायक अवर निरीक्षक बंटी यादव, दिलीप कुमार ऋषि, धर्मेंद्र बैठा, विजय कुमार सहित मद्यनिषेध सिपाहियों, सैप बल और गृहरक्षक जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।टीम की सतर्कता के कारण बड़ी मात्रा में शराब की खेप बिहार में खपने से पहले ही पकड़ ली गई, जिसे विभाग ने हाल के दिनों की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### शहर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई

गयाजी, 07 जून (तरुणमित्र)। बिहार विधानसभा अध्यक्ष सह नगर विधायक डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नितीश मिश्रा, विभागीय प्रधान सचिव, नगर आयुक्त गया, बुडको प्रबंध निदेशक,बुडको के अधिकारियों एवं गया नगर निगम के पदाधिकारियों के साथ गया शहर के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक रविवार को आयोजित की गई ।बैठक में शहर की जलनिकासी व्यवस्था, गंगा जलापूर्ति योजना, पार्किंग, सड़क निर्माण, हरित विकास, पर्यटन अवसंरचना तथा नगर निगम की विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक में डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर के ड्रेनेज सिस्टम को शीघ्र सुदृढ़ करने पर जोर देते हुए कहा कि जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाना चाहिए ।उन्होंने फल्गु नदी में प्रदूषित जल के प्रवाह को रोकने हेतु सीवरेज लाइन एवं एसटीपी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही गंगा जलापूर्ति योजना के अंतर्गत शेष घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने एवं सर्वेक्षण कार्य को समयबद्ध ढंग से पूरा करने को कहा ।बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने विष्णुपद एवं बोधगया क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग, घाटों के चौड़ीकरण तथा दोनों धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के बीच बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया ।उन्होंने कहा कि गया एवं बोधगया विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन केंद्र हैं, इसलिए यहां की आधारभूत सुविधाओं का विकास उच्च मानकों के अनुरूप होना चाहिए ।डॉ. प्रेम कुमार ने शहर में बढ़ती पार्किंग समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहरीकरण एवं व्यावसायिक गतिविधियों के विस्तार के कारण पार्किंग की समुचित व्यवस्था विकसित करना समय की मांग है ।उन्होंने आधुनिक पार्किंग सुविधाओं के विकास के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया ।बैठक में नगर निगम एवं विभागीय योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने पर भी विशेष चर्चा हुई।

### डॉ सिगब्तुल्लाह खान उर्फ टूटू खान हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के बनाए गए जिलाध्यक्ष

गयाजी, 07 जून (तरुणमित्र)। डॉ सिगब्तुल्लाह खान उर्फ टूटू खान हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के जिलाध्यक्ष बनाए गए ।प्रदेश अध्यक्ष बिहार प्रदेश हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (सेक्युलर) सह पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार ने पत्र जारी कर गया जिला का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया ।जारी पत्र में लिखा गया कि दलहित में आपको हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के बिहार प्रदेश के गया जिला का अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया जाता है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि दल के संगठन मजबूत करने में भूमिका निभाएगें ।साथ ही लिखा गया कि पत्र प्राप्ति के एक माह के अंदर बिहार प्रदेश के गया जिला में कार्यकारिणी का गठन कर राज्य मुख्यालय को भेजेंगे ।वहीं इस संबंध में शनिवार को डॉ सिगब्तुल्लाह खान उर्फ टूटू खान ने बताया कि मुझे जिलाध्यक्ष बनाने के लिए पार्टी के जितना राम मांझी, संतोष सुमन, अतरी विधायक रोमित कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह को धन्यवाद एवं आभार जताता हूँ ।जिन्होंने मुझे इस पद की जिम्मेदारी दी है ।उन्होंने बताया कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे निर्वहन करूंगा ।साथ ही कहा कि संगठन को और मजबूत बनाऊंगा।



## कुरसेला हॉस्टल से लापता छात्र बेगूसराय से सकुशल बरामद, परिजनों को सौंपा गया

कुरसेला, कटिहार, 07 जून (तरुणमित्र)। नगर पंचायत क्षेत्र स्थित विद्या भारती अध्ययन केंद्र हॉस्टल से लापता हुए 10 वर्षीय छात्र दक्षराज उर्फ भोलू कुमार को पुलिस ने बेगूसराय से सकुशल बरामद कर रविवार को उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। बच्चे की सुरक्षित बरामदगी से परिजनों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार, कोढ़ा थाना क्षेत्र के रहिकाटोल बिषहरिया निवासी प्रीति कुमारी का पुत्र दक्षराज पिछले छह वर्षों से उक्त हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह 29 मई की सुबह हॉस्टल से निकल गया था और उसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पाया था। हॉस्टल में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वह सुबह करीब पांच बजे अकेले बाहर जाते हुए दिखाई दिया था। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर 3 जून को कुरसेला थाना में गुमशुदगी की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की और लगातार तकनीकी एवं मानवीय स्त्रोतों के माध्यम से बच्चे की तलाश में जुटी रही। कुसेर्ला थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए छात्र को बेगूसराय से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद रविवार को बच्चे को उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया। बच्चे की सुरक्षित वापसी पर परिजनों ने कुरसेला पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए साधुवाद दिया है। लोगों का कहना है कि पुलिस की सक्रियता और लगातार प्रयास के कारण ही बच्चे को सुरक्षित उसके परिवार तक पहुंचाया जा सका। बच्चे के घर लौटने से परिवार में खुशी का माहौल है और सभी ने उसकी सकुशल बरामदगी पर ईश्वर का धन्यवाद किया है।

## विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत सीयूएसबी परिसर में 620 पौधों का वृक्षारोपण

टिकारी (गया), 07 जून (तरुणमित्र)। दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) अपने 300 एकड़ के परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह को विशेष रूप से मना रहा है और इसके अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया ।इस विशेष अभियान के तहत कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 620 पौधों का रोपण किया गया ।यह कार्यक्रम भारत सरकार के एक पेड़ माँ के नाम अभियान तथा पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन एवं हरित परिसर के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में वृक्ष विविधता को बढ़ावा देना, हरित आवरण का विस्तार करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करना था। विश्व पर्यावरण दिवस की इस वर्ष की थीम के अनुरूप विश्वविद्यालय ने पर्यावरणीय संतुलन एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः प्रदर्शित किया।

# केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्य किए है : मुकुंद



दरभंगा, 07 जून (तरुणमित्र)। भाजपा दक्षिणी नगर मंडल की बैठक रविवार को मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो की अध्यक्षता में बंगाली टोला स्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत झा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्धारित विभिन्न कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों की चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्त्ता को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी मुकुंद चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों को जन - जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी द्वारा विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बैठक में विशेष जनसंपर्क अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के नियमित श्रवण एवं प्रसारण कार्यक्रम सहित विभिन्न संगठनात्मक गतिविधियों की रूपरेखा का चर्चा किया।

जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी विकास चौधरी ने सभी कार्यकताओं से बूथ स्तर तक पहुंचकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने की बात कही। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, आगामी कार्यक्रमों की तैयारी तथा कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा हुई।

बैठक में मंडल महामंत्री रमण महतो, मंडल उपाध्यक्ष सतीश साह, प्रदीप महतो, कृष्ण कुमार कन्हैया, अभिषेक सोनू, भावना पासवान, शंकर झा, राजेश सिंह, हरिओम झा सहित नगर मंडल के अन्य पदाधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

# जिले में वैसे सभी स्पॉट चिन्हित करें जहां लगातार सड़क दुर्घटना होती है : केंद्रीय मंत्री

## केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई




गया, 07 जून (तरुणमित्र)। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शनिवार को आयोजित की गई ।इस मौके पर जिले के डीएम शशांक शुभंकर ने बताया कि वर्ष 2022 से 2026 अबतक कुल 2490 सड़क दुर्घटना हुई है, वर्ष 2025 में 601 सड़क दुर्घटना हुई है, वर्ष 2026 (जनवरी से मई) तक में 251 सड़क दुर्घटना हुए हैं। जिनमे हीट एंड रन के कुल 873 मामले हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गया जिला काफी बड़ा जिला है साथ ही जीटी रोड भी गया जिला में पड़ता है ।गया पटना मुख्य मार्ग भी गया में ही है ।सड़क दुर्घटनाएं की संख्या ज्यादा होती रहती है।

उन्होंने कहा कि कई सारे ऐसे सड़क दुर्घटनाएं हैं जिनका मामला थाना में दर्ज नहीं हो पता है जिसके कारण उन मामलों को चिन्हित करने में कठिनाई होती है। उन्होंने निर्देश दिया है कि विभिन्न निजी एवं सरकारी अस्पतालों से भी सड़क दुर्घटनाएं का डाटा प्राप्त किया जाए ताकि वैसे सभी मामलों को भी प्राप्त करते हुए उन्हें सरकार की योजना से लाभान्वित किया जा सके ।विगत दो माह पहले केंद्र सरकार द्वारा एक योजना लागू की गई है जिसमें यदि कहीं कोई सड़क दुर्घटना होती है तो उनका इलाज निशुल्क किया जाए और इलाज वाली शुल्क जिस अस्पताल में भर्ती होंगे उसे अस्पताल को सीधे परिवहन विभाग एवं केंद्र सरकार द्वारा उपचार का राशि मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने डीटीओ को निर्देश दिए हैं कि सभी प्राइवेट अस्पतालों के प्रबंधकों के साथ बैठक कर उन्हें इसकी विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन सभी अस्पतालों का एनरोलमेंट करवाने का निर्देश दिए हैं।

उन्होंने डीटीओ को निर्देश दिए हैं कि जिले में वैसे सभी स्पॉट चिन्हित है जहां लगातार सड़क दुर्घटना होती है, उन संबंधित स्पॉट के समीप सड़क सुरक्षा के पर्याप्त साइनेज लगाया जाए ।साथ ही पब्लिक अवेयरनेस भी करवाते रहें। सड़क दुर्घटना में जो गोल्डन आवर अर्थात सड़क हादसा के बाद 45 मिनट का जो वक्त होता है वह काफी गोल्डन आवर होता है। उस अवधि में घायल व्यक्ति को समुचित इलाज के अभाव के कारण ही उनकी मृत्यु होती है उस अवधि में उपचार होने से घायल व्यक्ति की जान बच सकती है। इसके लिए जो भी एसओपी है, उसका अच्छे से पालन करवाते हुए बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये।

मगध मेडिकल अस्पताल में ट्रामा सेंटर को पूरी तरीके से फंक्शनल करवाने का निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने बैठक के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि शेरघाटी अस्पताल में भी ट्रामा सेंटर चालू करवाया जाए ताकि जीटी रोड पर यदि कहीं रोड एक्सीडेंट होते हैं तो मरीज को तुरंत इलाज करवाया जा सके।

**संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए**

बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर नियमित रूप से आयोजित की जानी चाहिए, ताकि सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की निरंतर समीक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि केवल सांसद एवं विधायक ही नहीं, बल्कि पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों को भी सड़क सुरक्षा अभियान से जोड़ना आवश्यक है ।इसके लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर नियमित बैठकों का आयोजन किया जाए तथा गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए।

डॉ. प्रेम कुमार ने गया शहर में अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों एवं बालू ढोने वाले वाहनों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में ट्रैक्टर बिना निर्धारित मानकों एवं यातायात नियमों का पालन किए सड़कों पर चल रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है ।उन्होंने जिला प्रशासन, परिवहन विभाग एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध रूप से संचालित ट्रैक्टरों तथा बालू ढोने वाले वाहनों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया जाए तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किए गए विभिन्न कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकरण, पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा दुर्घटना-प्रवण स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान कर सुधारात्मक कार्य किए गए हैं। मुख्य सड़कों पर सुरक्षित यातायात के लिए क्रॉसिंग पेंटिंग, रोड साइनेज, रम्बल स्ट्रिप, गति अवरोधक सहित अन्य सुरक्षा उपाय स्थापित किए गए हैं। पथ प्रमंडल संख्या-01, गया द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ब्लैक स्पॉट वाले मार्गों पर रोड साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, जेबरा क्रॉसिंग एवं रोड डेलिनेटर लगाए गए हैं। टंक एरिया, जेल एरिया, दिनेश रोड सहित विभिन्न सड़कों पर रोड साइन बोर्ड स्थापित किए गए हैं तथा मस्तालिपुर, मेहता पेट्रोल पंप के समीप एवं शहर के अन्य स्थानों पर जेबरा क्रॉसिंग की व्यवस्था की गई है।

**जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन किया गया: डीटीओ**

बैठक में बताया गया कि सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का विवरण आई-रेड पोर्टल पर दर्ज किया जाता है तथा प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर सड़क सुरक्षा कार्ययोजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# लोन दिलाने के नाम पर सैकड़ों महिलाओं से ठगी, कंपनी का संचालक फरार



**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के नवगछिया अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में एक कथित फाइनेंस कंपनी द्वारा सैकड़ों महिलाओं को झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। ठगी का आरोप आईबीएल फाइनेंशियल लिमिटेड नामक एक कंपनी पर लगा है, जिसने नवगछिया में एनएच 31 के समीप ब्रांच कार्यालय खोलकर महिलाओं को कम समय में भारी ऋण उपलब्ध कराने का प्रलोभन दिया और बाद में कार्यालय बंद कर फरार हो गई।

बताया जा रहा है कि नवगछिया के संतोष धर्मकांटा के समीप एक अर्द्धनिर्मित भवन में कंपनी का कार्यालय संचालित किया जा रहा था। कंपनी के कथित कर्मचारी पिछले कई दिनों से नवगछिया के इस्माइलपुर प्रखंड सहित नारायणपुर, बिहपुर तथा पसराहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर महिलाओं से संपर्क कर रहे थे।

महिलाओं को बताया गया कि यदि वे कंपनी में 10 हजार रुपये जमा करती हैं तो मात्र 12 घंटे के भीतर उन्हें दो लाख रुपये का व्यवसायिक ऋण उपलब्ध करा दिया जाएगा। कंपनी के प्रतिनिधियों ने महिलाओं को भरोसे में लेने के लिए लगातार गांव-गांव जाकर बैठकें कीं और योजनाओं की जानकारी दी। उनके झांसे में आकर बड़ी संख्या में महिलाओं ने नकद एवं ऑनलाइन माध्यम से 10-10 हजार रुपये जमा कर दिए।

बताया जा रहा है कि करीब 200 से अधिक महिलाओं से राशि ली गई है। पीड़ित महिलाओं के अनुसार, उन्हें कहा गया था कि रात 12 बजे तक अथवा 12 घंटे के भीतर उनके खाते में ऋण की राशि भेज दी जाएगी। महिलाएं पूरी रात और अगले दिन तक अपने खातों की जांच करती रहीं, लेकिन किसी के खाते में राशि नहीं पहुंची। जब महिलाएं अगले दिन कार्यालय पहुंचीं तो वहां ताला लटका मिला। कार्यालय बंद मिलने के बाद महिलाओं ने मकान मालिक से जानकारी ली।

मकान मालिक ने बताया कि कार्यालय संचालित करने वाले लोग ताला लगाकर चले गए हैं। बताया जाता है कि कार्यालय के लिए भवन किराये पर लेने संबंधी कुछ दस्तावेज भी उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन कंपनी के प्रतिनिधियों का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद बड़ी संख्या में महिलाएं आक्रोशित हो गईं और नवगछिया साइबर थाना पहुंचकर हंगामा करने लगीं। साइबर थाना में पहुंची महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने व्यवसायिक ऋण की उम्मीद में कई जगहों से उधार लेकर या ब्याज पर पैसे उठाकर कंपनी को राशि दी थी। अब उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। साइबर थाना पहुंचे पीड़ितों में कई महिलाएं रोती-बिलखती नजर आईं।

फिलहाल साइबर थाना में ऑनलाइन लेन-देन से संबंधित विवरण एकत्र किए जा रहे हैं तथा पीड़ित महिलाओं से आवेदन लिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कंपनी के नाम पर कार्य कर रहे तीन-चार युवकों ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाया और कथित रूप से लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि प्राप्त आवेदन और बैंकिंग लेन-देन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी तथा दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क किनारे मिला ई-रिक्शा चालक का शव, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र के इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित महर्षि मेंहीं आश्रम जाने वाले मार्ग पर से रविवार सुबह एक ई-रिक्शा चालक का शव बरामद किया गया है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। बताया जा रहा है कि ई-रिक्शा चालक शनिवार शाम को घर से निकला था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लूटपाट, आपराधिक वारदात और व्यक्तिगत रंजिश समेत सभी संभावित बिंदुओं पर जांच कर रही है।

मृतक की पहचान बड़ी गोपालपुर निवासी 50 वर्षीय निराला यादव के रूप में हुई है। वह पेशे से ई-रिक्शा चालक थे और अपने वाहन के सहारे परिवार का भरण-पोषण करते थे। रविवार तड़के सड़क किनारे शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

परिजन के बताया कि निराला यादव शनिवार शाम करीब पांच बजे ई-रिक्शा लेकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोग चिंतित हो उठे। पहले परिचितों और रिश्तेदारों से संपर्क किया गया, फिर आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश शुरू हुई। इसी बीच रात करीब तीन बजे हत्या की सूचना मिली। घटनास्थल पर पहुंचने पर परिजन ने देखा कि निराला यादव खून से लथपथ अवस्था में मुंह के बल पड़े हुए थे, जबकि उनका ई-रिक्शा सड़क से नीचे नाले की दिशा में खड़ा था। मृतक के छोटे भाई रतन यादव ने बताया कि शनिवार रात करीब 12 बजे निराला यादव की पत्नी से उनकी फोन पर बातचीत हुई थी। इसके बाद उनका मोबाइल बंद हो गया और उनसे दोबारा संपर्क नहीं हो सका। पुलिस अब इस आखिरी कॉल की डिटेल खंगाल रही है और इसे जांच का महत्वपूर्ण सुराग मान रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जांच के दौरान एक युवक के हथियारनुमा वस्तु लेकर जाते दिखने की जानकारी भी सामने आई है। हालांकि पुलिस ने अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है। सबौर थानाध्यक्ष बिट्टू कमल ने बताया कि हत्या की घटना की पुष्टि हुई है, लेकिन मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

## मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के बिहपुर राजग कार्यालय में रविवार को नवगछिया पुलिस जिलास्तरीय केंद्र की मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विस विधायक इं.शैलेंद्र ने कहा कि 26 मई को केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे हुए हैं। यह अभी और आगे सालों साल जन आशीर्वाद से जारी रहेगा। पूरे देश में पांच से 21 जून तक विश्वास, विकास और जनकल्याण के 12 वर्ष थीम पर कार्यक्रम हो रहा है। सभी मंडलों में पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस स्थानीय योग अभ्यास समूहों के सहयोग से मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 से 20 जून तक जन कल्याण शिविर, जिसमें पंजीकरण का विशेष ध्यान आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी और वीबी-जी-राम जी योजनाओं पर रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्ध की मौत

**नवादा, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत अंतर्गत फरकी पत्थर गांव में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान फरकी पत्थर गांव निवासी पाचू तुरिया के 62 वर्षीय पुत्र राजकुमार तुरिया के रूप में की गई है। स्वजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार तुरिय बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल लाया गया,जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कौआकोल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही स्वजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा दुर्घटना में शामिल ई-रिक्शा और उसके चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### 88 .23 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, 18 लाख रुपये की खेप बरामद

**किशनगंज, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवगठित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बहादुरगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 88.23 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 18 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागाड़ा इस्मत टोला निवासी सद्दाम अंसारी के रूप में हुई है। उसके पास से 11,670 रुपये नकद, दो डिजिटल तराजू तथा 10 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बरामद सामान को जब्त कर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ-1 खुसरो सिराज ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सद्दाम अंसारी अपने घर में स्मैक का भंडारण कर उसकी खरीद-बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद एसडीपीओ-1 के नेतृत्व में एएनटीएफ और बहादुरगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने शनिवार देर रात आरोपी के घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान घर से 88.23 ग्राम स्मैक, 11,670 रुपये नकद, दो डिजिटल तराजू और 10 मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला संगठित तस्करी नेटवर्क से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। पुलिस अब इस नेटवर्क के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक की जांच कर रही है, ताकि मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले तथा इसकी खरीद-बिक्री में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके।

### सरकारी जमीन के सदुपयोग को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के अकबरनगर थाना के समीप वर्षों से खाली पड़ी 3 एकड़ 60 डेसिमल सरकारी जमीन के जनहित में उपयोग किए जाने की बात जोर पकड़ने लगी है। भाजपा नेता सतीश कुमार उर्फ कन्हैया झा ने बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र से रविवार को मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उक्त भूमि पर थाना भवन, नगर पंचायत कार्यालय, सार्वजनिक पार्क तथा अन्य सरकारी योजनाओं का निर्माण करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग की या जमीन लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी है। जबकि अकबरनगर थाना करीब 30 वर्षों से किराए के भवन में संचालित हो रहा है। नगर पंचायत का दर्जा मिलने से 3 वर्ष बाद भी स्थायी कार्यालय भवन नहीं बन सका है और फिलहाल नगर पंचायत कार्यालय पुस्तकालय भवन में चल रहा है। सतीश कुमार उर्फ कन्हैया झा ने बताया कि इस मामले को पूर्व में बिहार के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री के समक्ष उठाया गया था। पुलिस विभाग ने उसका निरीक्षण कर जमीन को थाना भवन निर्माण के लिए उपयुक्त बताया था। बावजूद योजना आगे नहीं बढ़ रही है।

### प्रभारी मंत्री ने पार्टी के पुराने नेताओं के घर जाकर की मुलाकात

**अररिया, 07 जून (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद रविवार को नगर परिषद के भगत टोला में जनसंघ काल से ही पार्टी से जुड़े किशुन भगत के घर जाकर उनसे मुलाकात की और उसका कुशलक्षेम जाना। मंत्री भाजपा के पुराने नेता प्रदीप पासवान के घर भी गए और उनका कुशलक्षेम पूछते हुए पार्टी की वर्तमान स्थिति को लेकर जानकारी ली।मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद के प्रदीप पासवान और किशुन भगत के घर पर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया और अंग वस्त्र और बुके प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रभारी मंत्री डॉ रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि किशुन भगत और प्रदीप पासवान जनसंघ से ही पार्टी से जुड़े रहे और दोनों से उनका व्यक्तिगत पुराना लगाव रहा है।पार्टी को सींचने और उसे सशक्त बनाने में इनलोगों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जब वे अररिया के जिला प्रभारी मंत्री बनाए गए तो उन्होंने अपने पुराने साथियों के बारे में जानकारी ली और उसी के तहत कुशलक्षेम जानने के लिए उनके घर पर पहुंचा। मंत्री के साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण झा,नगर अध्यक्ष संजय कुमार अकेला,प्रदीप पासवान,श्रवण भगत,संजय मल्लिक,विनोद श्रीवास्तव,सोनू भगत आदि साथ थे।

### एसएसबी ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर 196 किलो गांजा किया जब्त

**अररिया, 07 जून (तरुणमित्र)।** एसएसबी 56 वीं वाहिनी की दो अलग-अलग टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर बीती रात छापेमारी कर तस्करी के 196 किलो गांजा जब्त किया।गांजा को तस्कर रात के अंधेरे में नेपाल से भारत की ओर लाए थे।इसी क्रम में एसएसबी ने यह कार्रवाई रात्रि की विशेष गश्ती के दौरान की। एसएसबी की पहली कार्रवाई बाह्य सीमा चौकी डुमरबन्ना के द्वारा डुमरबन्ना पासवान टोला में भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 193/4 के नजदीक भारत साइड में सौ मीटर की दूरी पर की।जिसमें 178 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।आवश्यक कार्यवाही के बाद एसएसबी द्वारा जब्त गांजा को घूरना थाना के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी की बाह्य सीमा चौकी कुशमाहा की रात्रि गश्ती टीम ने हटेवा गांव में भारतीय बॉर्डर भारत नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 177 के नजदीक भारत साइड में पचास मीटर की दूरी पर की।जहां एसएसबी ने 18 किलो गांजा बरामद किया। नेपाल से भारत गांजा लाने वाले तस्कर नेपाल के मोरंग जिला के रानी थाना क्षेत्र के बुद्धनगर वार्ड संख्या 14 निवासी 24 वर्षीय राकेश यादव पिता प्रमोद यादव को गिरफ्तार किया।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, मुआवजे की मांग को लेकर किया सड़क जाम

**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान टीएनबी कॉलेजिएट के समीप रहने वाले राजीव पासवान के पुत्र अस्मित कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अस्मित किसी सामान की खरीदारी के लिए घर से निकला था। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित सीएनजी ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो चालक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेते हुए ऑटो को जब्त कर लिया। घायल बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने नया बाजार चौक पर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया और मृतक के परिजन को उचित मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक उन्हें मुआवजा और न्याय नहीं मिलेगा, तब तक जाम नहीं हटाया जाएगा। जाम की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस ने लोगों को शांत कराकर यातायात बहाल कराने की कोशिश की। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ग्रामीण सपनों और तकनीक की कहानी कहेगी शॉर्ट फिल्म गाँव से एआई तक

**नवादा, 07 जून (तरुणमित्र)।** बिहार में नवादा जिले के ओरैना पंचायत, जिसने अपने प्रतिभाशाली बच्चों को बिहार एआई समिट 2026 में भाग लेने के लिए भेजकर एक नया इतिहास रचा। अब उसकी कहानी पर्दे पर आने वाली है। इस ऐतिहासिक पहल पर आधारित बहुप्रतीक्षित शॉर्ट फिल्म गाँव से अक तक का शुभ मुहूर्त रविवार को नवादा स्थित द सेलिब्रेशन होटल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर फिल्म से जुड़े कलाकारों, सामाजिक कार्यकताओं, शिक्षाविदों तथा विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन नवादा नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने किया। वहीं पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव उद्घाटनकर्ता के रूप में उपस्थित रहे। फिल्म गाव से एआई तक बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के उन प्रतिभाशाली बच्चों की वास्तविक प्रेरक यात्रा पर आधारित है, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार एआई समिट 2026 में भाग लेकर नई तकनीकी दुनिया से परिचय प्राप्त किया।

फिल्म में यह दिखाया जाएगा कि किस प्रकार बच्चों और उनके अभिभावकों को जागरूक कर उन्हें इस महत्वपूर्ण सम्मेलन तक पहुंचाया गया तथा इसके लिए आवश्यक संसाधनों और सहयोग की व्यवस्था की गई। फिल्म का निर्देशन सागर इंडिया कर रहे हैं, जबकि इसके निमार्ता संजय साव हैं। फिल्म का निर्माण पारू एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है तथा बिहार छात्र संसद इस परियोजना से सहयोगी संस्था के रूप में जुड़ी हुई है।

कास्टिंग की जिम्मेदारी काशिका कास्टिंग ने संभाली है। फिल्म की स्टार कास्ट में सागर इंडिया, अनुराधा पंडित, राज लक्ष्मी, आदित्य आर्यन और प्रशांत मानव प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म में प्रशांत मानव का किरदार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को तकनीकी शिक्षा और अवसरों से जोड़ने वाले एक प्रेरक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में दिखाई देगा। फिल्म निमार्ताओं के अनुसार गांव से एआई तक केवल एक शॉर्ट फिल्म नहीं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के सपनों, शिक्षा, तकनीकी नवाचार और बदलते भारत की कहानी है।

# निजी विद्यालय परिसर में संदिग्ध परिस्थिति में मासूम छात्र की मौत

**मधेपुरा, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले में मुरलीगंज थाना क्षेत्र के खारी गांव स्थित एक आवासीय स्कूल में रविवार सुबह 6 साल के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। छात्र का शव शौचालय के पास पाइप से बंधा हुआ मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद स्कूल संचालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान पोखराम परमानंदपुर वार्ड-10 निवासी रामानंद यादव के पुत्र आनंद प्रेम (6) के रूप में हुई है।



वह यूकेजी का छात्र था। पिछले करीब छह महीने से खारी स्थित आवासीय जेडी पब्लिक स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की दादी ने आरोप लगाया कि उनके पोते की हत्या कर शव को स्कूल के शौचालय के पास पाइप से बांध दिया गया था। उन्होंने बताया कि घटना के बाद स्कूल संचालक ने शव को घर पहुंचा दिया था। इसके बाद हमलोग शव को लेकर स्कूल पहुंचे।

स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र मनीष कुमार और आकाश कुमार ने बताया कि रात करीब 12 बजे दो अज्ञात व्यक्ति स्कूल परिसर में आए थे। उन लोगों ने आनंद प्रेम के गले में रस्सी बांध दी थी। शौचालय के पास छोड़कर स्कूल के पीछे की ओर से भाग गए। हालांकि इन दावों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक जेडी पब्लिक स्कूल पिछले लगभग पांच साल से संचालित हो रहा है। घटना के बाद से स्कूल संचालक सुनील कुमार फरार बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही मुरलीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

प्रशिक्षु डीएसपी सह मुरलीगंज थानाध्यक्ष नूरुल हक ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएसबी ने 16 बैटरी,47,910 भारतीय मुद्रा के साथ ऑटो किया जब्त

**अररिया 07 जून (तरुणमित्र)।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं वाहिनी की बी समवाय डूबा टोला की टीम ने सुंदरी मठ राजोला चौक के पास छापेमारी कर ऑटो पर सवार 16 बैटरी के साथ 47 हजार 910 भारतीय रुपए के साथ एक तस्कर को हिरासत में लिया।

एसएसबी ने यह कार्रवाई भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 171 के नजदीक भारत साइड में लगभग 15 सौ मीटर पर की।तस्कर ऑटो पर बैटरी लादकर नेपाल से भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया था,इसी दौरान विशेष गश्ती टीम ने उसे पकड़ लिया। एसएसबी ने तस्कर के रूप में डुमरिया के रहने वाले सिकन्दर अंसारी पिता शामिद अंसारी को गिरफ्तार किया।तस्करी के जब्त समानों के साथ तस्कर को एसएसबी ने आवश्यक कार्यवाही के बाद रविवार को फारबिसगंज कस्टम विभाग के सुपुर्द मामले को कर दिया।

## सिविल कोर्ट किशनगंज में आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन

**किशनगंज, 07 जून (तरुणमित्र)।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण को लेकर सिविल कोर्ट किशनगंज में आंतरिक शिकायत समिति का पुनर्गठन किया गया है। इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, किशनगंज द्वारा आदेश संख्या 96/2026 जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, माननीय उच्च न्यायालय, पटना के निदेशों एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 की धारा 4(2) के आलोक में समिति का पुनर्गठन किया गया है। समिति के पूर्व सदस्य एवं तत्कालीन सिविल जज (जूनियर डिवीजन)-द्वितीय रणधीर कुमार के अन्य न्यायपालिका में स्थानांतरण के बाद यह पुनर्गठन किया गया है। नई समिति में सिविल जज (वरिष्ठ प्रभाग)-प्रथम-सह-एसीजेएम-1 शारदा को अध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं एसडीजेएम रोहित सिन्हा, सिविल कोर्ट की लिपिक सारिका आनंद तथा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. फरजाना बेगम को सदस्य नामित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि समिति प्रत्येक तीन माह पर बैठक आयोजित करेगी तथा अपनी रिपोर्ट प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंपेगी। इसके बाद रिपोर्ट को आवश्यक कार्रवाई एवं अवलोकन के लिए उच्च न्यायालय, पटना भेजा जाएगा। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय से जारी ज्ञापन संख्या 1654-58, दिनांक 5 जून 2026 के माध्यम से समिति के सभी सदस्यों तथा सिविल कोर्ट किशनगंज के सिस्टम ऑफिसर को आदेश की प्रति प्रेषित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय प्रशासन का मानना है कि समिति के पुनर्गठन से कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं शिकायतों के त्वरित निवारण की व्यवस्था और अधिक प्रभावी होगी।

# बेली ब्रिज पर वाहनों का परिचालन शुरू, पथ निर्माण मंत्री ने किया उद्घाटन

**भागलपुर, 07 जून (तरुणमित्र)।** पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेन्द्र द्वारा रविवार को बेली ब्रिज का उद्घाटन किए जाने के साथ ही प्रशासनिक निगरानी में बेली ब्रिज पर वाहनों का परिचालन शुरू करा दिया गया। मंत्री ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेली ब्रिज का विधिवत उद्घाटन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार, नगर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार समेत बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) के अधिकारी, पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह से पहले पथ निर्माण मंत्री ने बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारियों



और कर्मियों, पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा निर्माण कार्य में सहयोग करने वाले पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मंत्री ने सभी के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से कम समय में यह महत्वपूर्ण कार्य पूरा किया जा सका है। मंत्री ने कहा कि मात्र 15 से 16 दिनों के भीतर बेली ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कर इसे आम जनता को समर्पित किया गया है।

उन्होंने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर परिचालन प्रभावित होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए युद्धस्तर पर निर्माण कार्य कराया गया। पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि बेली ब्रिज पर फिलहाल अस्थायी रूप से वाहनों का परिचालन शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा 30 नवंबर की समय-सीमा निर्धारित की गयी है और सरकार उसी लक्ष्य के अनुरूप कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम निर्धारित समय पर विक्रमशिला सेतु का निर्माण कार्य पूरा कर 30 नवंबर तक इसे जनता को समर्पित करेंगे।

मंत्री ने बेली ब्रिज निर्माण में योगदान देने वाली बीआरओ की टीम, जिला प्रशासन, पथ निर्माण विभाग और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी विभागों के समन्वय और मेहनत से यह कार्य संभव हो पाया है। बेली ब्रिज शुरू होने से भागलपुर और नवगछिया के बीच आवागमन करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## 10 जून से बिहार में अंतर्राज्यीय लघु खनिज परिवहन के लिए ई-ट्रांजिट पास अनिवार्य

**किशनगंज, 07 जून (तरुणमित्र)।** बिहार में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने तथा परिवहन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से खान एवं भूतत्व विभाग ने नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। विभाग के निदेशानुसार 10 जून से अन्य राज्यों से बिहार में प्रवेश करने वाले लघु खनिज परिवहन वाहनों के लिए इंटर स्टेट ट्रांजिट पास (आईएसटीपी) अनिवार्य कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, नेपाल सीमा क्षेत्र सहित अन्य राज्यों से बालू, गिट्टी, पत्थर, मोरंग एवं अन्य लघु खनिज लेकर बिहार आने वाले सभी वाहनों का आईएसटीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। विभाग ने इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है और वाहन मालिकों तथा ट्रांसपोर्टरों से समय रहते रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। जानकारी के अनुसार, पंजीकरण के बाद वाहन मालिक या ट्रांसपोर्टर को मोबाइल नंबर पर लॉगिन आईडी और पासवर्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर ट्रांजिट पास के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

खनिज के स्रोत स्थल से परिवहन चालान जारी होने के छह घंटे के भीतर ट्रांजिट पास प्राप्त करना अनिवार्य होगा। विभाग ने ट्रांजिट पास शुल्क भी निर्धारित कर दिया है। यदि परिवहन चालान में खनिज की मात्रा वजन के आधार पर अंकित होगी तो 60 रुपये प्रति टन तथा आयतन के आधार पर अंकित होने पर 85 रुपये प्रति घनमीटर की दर से शुल्क लिया जाएगा। शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। ट्रांजिट पास की वैधता संबंधित खनिज परिवहन चालान की वैधता के अनुरूप होगी। परिवहन के दौरान वाहन चालक के पास आईएसटीपी के साथ-साथ संबंधित राज्य से जारी वैध खनिज परिवहन चालान रखना अनिवार्य होगा। जांच के दौरान इनमें से कोई भी दस्तावेज नहीं मिलने पर बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 एवं संशोधित नियमावली 2026 के तहत जुमार्ना सहित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
**तरुणमित्र**
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 8 जून 2026
विक्रम संवत्– 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, अष्टमी

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया में कॉकरोच

भारतीय राजनीति में व्यंग्य हमेशा से एक शक्तिशाली हथियार रहा है। हालिया घटनाक्रम में 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) ने इसकी मिसाल पेश की है। मई 2026 में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की एक टिप्पणी–जिसमें बेरोजगार युवाओं को 'कॉकरोच' कहा गया, ने युवा वर्ग में गुस्से की लहर पैदा की। इस टिप्पणी को व्यंग्यात्मक तरीके से लेते हुए अभिजीत दीपके ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' की स्थापना की, जो भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का एक पैरोडी संस्करण बन गई। शुरू में सोशल मीडिया का मजाक समझी जाने वाली यह मुहिम आज अंतरराष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में है और लाखों युवाओं को जोड़ रही है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने सीजेपी को भारत के युवा असंतोष का प्रतीक बताया है। अलजजीरा ने इसे 'टॉप इंडियन जज की टिप्पणी से जन्मा व्यंग्य और विरोध' शीर्षक से कवर किया, जबकि एनबीसी न्यूज ने लिखा कि 'एक मजाक से शुरू होकर लाखों युवा इसमें शामिल हो गए।' बीबीसी, एपी न्यूज, फ्रांस 24 और गार्डियन जैसी प्रमुख संस्थाओं ने भी इसकी चर्चा की। वे इसे केवल एक मीम या ऑनलाइन ट्रेंड नहीं, बल्कि बेरोजगारी, परीक्षा घोटालों (जैसे नीट पेपर लीक), शिक्षा व्यवस्था की खामियों और लोकतंत्र की स्थिति पर युवाओं की बढ़ती नाराजगी का आउटलेट मानते हैं। जंतर-मंतर पर हालिया प्रदर्शन को एपी और फ्रांस 24 ने 'ऑनलाइन जोक से स्ट्रीट पॉलिटिक्स तक' की यात्रा बताया। सीजेपी की सफलता सोशल मीडिया की शक्ति को दर्शाती है। इंस्टाग्राम पर करोड़ों फॉलोअर्स और वेबसाइट पर लाखों साइन-अप्स के साथ यह युवा (मुख्यतः जेन-जेड) की आवाज बन गई। संस्थापक अभिजीत दीपके, जो अमेरिका से लौटे और पूर्व में आम आदमी पार्टी से जुड़े रहे, इसे 'आलसी, बेरोजगार और क्रॉनिकली ऑनलाइन' युवाओं की पार्टी बताते हैं। मैनिफेस्ट में शिक्षा सुधार, पेपर लीक रोकथाम और युवा अधिकार प्रमुख हैं। प्रदर्शन में फूलों के साथ शांतिपूर्ण विरोध का संदेश सकारात्मक रहा, जिसने इसे मुख्यधारा की राजनीति से अलग पहचान दी। यह घटनाक्रम भारतीय राजनीति के लिए कई सबक देता है। सबसे पहले, व्यंग्य शासन-विरोधी भावनाओं को संगठित कर सकता है। जब युवा महसूस करते हैं कि उनकी समस्याओं (बेरोजगारी, शिक्षा संकट) को नजरअंदाज किया जा रहा है, तो वे मीम्स और पैरोडी के जरिए प्रतिरोध करते हैं। दूसरा, यह मुख्यधारा के विपक्ष की कमजोरी को उजागर करता है। कांग्रेस या अन्य दलों की जगह एक व्यंग्यात्मक प्लेटफॉर्म युवाओं को आकर्षित कर रहा है, जो दर्शाता है कि पारंपरिक राजनीति युवा मुद्दों से कितनी कटी हुई है। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय कवरेज भारत की छवि पर असर डालता है। वैश्विक मीडिया में 'कॉकरोच बनाम शासक वर्ग' का नैरेटिव लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और युवा बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल उठाता है। हालांकि, सीजेपी की सीमाएं भी स्पष्ट हैं। यह अभी तक एक आंदोलन है, न कि संगठित राजनीतिक दल। व्यंग्य का आकर्षण क्षणिक हो सकता है, जबकि वास्तविक बदलाव के लिए नीतिगत समाधान जरूरी हैं। सरकार और संस्थाओं को युवाओं की नाराजगी को गंभीरता से लेना चाहिए, जैसे शिक्षा सुधार, रोजगार सृजन और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाकर। यदि अनदेखा किया गया तो यह व्यंग्य भविष्य में बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। कॉकरोच जनता पार्टी की कहानी बताती है कि लोकतंत्र में आवाज दबाने की कोशिश उल्टा असर करती है। एक अपमान को युवाओं ने अपनी ताकत बना लिया। अंतरराष्ट्रीय मीडिया की चर्चा इसकी गहराई को रेखांकित करती है। यह केवल भारत का नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर युवा असंतोष का आईना है। सत्ताधारियों के लिए यह चेतावनी है कि युवा पीढ़ी को 'कॉकरोच' समझकर नजरअंदाज मत कीजिए, वे व्यवस्था को बदलने की क्षमता रखते हैं। व्यंग्य हंसाते हुए सोचने पर मजबूर करता है। सीजेपी इसी सोच का प्रतीक बनकर उभरी है।

## यूसुफ ने भी धोखा दिया है ना !



कृष्णेन्द्र राय

बड़ी मुश्किल है, रोया मेरा दिल है...
युसूफ ने भी धोखा दिया है ना ।
जा के कहां मैं रपट लिखाऊं ।
सीट वो छोड़े ना , मैं रोऊ या हंसू ।

करू मैं क्या करूं ।।
सब ने किया था खतरा ।
ये भी बना अब बागी ।।
गये टूट सपने सारे ।

सोई ना....केवल जागी ।।
देखूं...मुड़ के जिधर...।
खतरा-संकट आए नजर ।।
जाऊं...मैं अब किधर ।
धोखा है और है डर ।।

## सूडोकु नवताल- 7819

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7818 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

# भारत के लिए भारतीय जीवन शैली



हृदयनारायण दीक्षित

**पृथ्वी व्यथित है। पृथ्वी की व्यथा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तमाम प्रयास हुए। परसों अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस का आयोजन हुआ। पृथ्वी के अंगभूत जल, वायु, वनस्पति और सभी प्राणी आधुनिक जीवनशैली के हमले के शिकार हैं। पृथ्वी असाधारण संरचना है।**

'ऋग्वेद के अनुसार वह पर्वतों का भार वहन करती है। वन वृक्षों का आधार है। वही वर्षा करती है। वह बड़ी और दृढ़ है। प्रकाशवान है।' अमेरिकी विद्वान ब्लूमफील्ड ने अथर्ववेद का अनुवाद किया और पृथ्वी सूक्त की प्रशंसा की 'पृथ्वी ऊंची है, ढलान और मैदान भी हैं। यह वनस्पतियों का आधार है और बहुविधि कृपालु है।'

पृथ्वी सूक्त के कवि अथर्वा हैं। अथर्वा कहते हैं 'पृथ्वी का गुण गंध है। यह गंध सबमें है, वनस्पतियों में है। यह पृथ्वी संसार की धारक व संरक्षक है। वह पर्जन्य की पत्नी है। यह विश्वम्भरा है। पृथ्वी पर जन्मे सभी प्राणी दीघार्यु रहें। हम माता पृथ्वी को कष्ट न दें। यह माता है।' पृथ्वी, जल, वनस्पतियों, सभी जीव पर्यावरण चक्र के घटक हैं और जीवन के संरक्षक भी। इनमें वायु महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद का ऋषि (ऋ0 1.90.6) कवि वायु को ही प्रत्यक्ष ब्रह्म या ईश्वर बताता है 'त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्म असि।' वायु प्राण है। वायु से आयु है। विश्व पर्यावरण के सूत्र भारत की ही धरती पर खोजे गए थे। शुद्ध पर्यावरण ही जीवन का आधार है।

भारत के जनगणमन की प्राचीन संवेदनशीलता के खो जाने के कारण आज का भारत भूमण्डलीय ताप के खतरे में संवेदनशील है। पुरातन के गर्भ से युगानुकूल अधुनातन का विवेक चाहिए। विकास की भारतीय परिभाषा के सूत्र भी इसी में हैं।

पर्यावरण का असंतुलन विश्व विनाश की आहट है। पृथ्वी अशांत है, भूस्खलन और भूकम्प है। वायु अशांत है, आंधी और तूफान है। जल अशांत है, बाढ़, अतिवृष्टि। अनावृष्टि के कोप हैं। वन उपवन अशांत हैं। अपनी प्राण रक्षा करें तो कैसे करें। सभी जीव अशांत हैं। पक्षी कहां रैन बसेरा बनाएं? यजुर्वेद (यजु 36.17) के कवि ऋषि ने सहस्त्रों वर्ष पहले अभिलाषा की थी 'अंतरिक्ष शांत हो। पृथ्वी शांत हो। वायु और जल शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। सर्वत्र सबकुछ शांत प्रशांत हों।' यह ऋषि कवि संभवतः भविष्य का ताप उत्ताप देख रहा था। उसने शांतिपाठ के माध्यम से भरतजनों का मार्ग दर्शन किया था। विश्वबैंक आदि संस्थाओं के आकलन भी ऐसे ही आते हैं लेकिन दोनों में आधारभूत अंतर है। ऋषि के सामने जीडीपी गिरावट की समस्या नहीं थी। वह संपूर्ण विश्व का आनंद अभ्युदय ही देख रहा था। मूलभूत प्रश्न है कि आखिरकार क्या वन उपवन उजाड़ कर, कंक्रीट के महलों से प्राणवायु, रस या गंध का आनंद ले सकते हैं? ऐसे टिकाऊ विकास में हम टिकाऊ नहीं हैं। हमारा जीवन क्षणभंगुर और विकास टिकाऊ? दुनिया विकास के नाम पर ही नष्ट होने के कगार पर है। विकास की परिभाषा क्या है? क्या हम प्राणलेवा विषभरी वायु में मर जाने के बदले विकास चाहते हैं? क्या हम विकास के नाम पर औद्योगिक कचरे के आर्सेनिक, लेड आदि रसायनों से भरे पानी को पीने के लिए विवश है? साल 2005 में संयुक्त राष्ट्र का 'सहस्त्राब्दी पर्यावरण आकलन- मिलेनियम इको सिस्टम ऐसेसमेन्ट' आया था। इसके अनुसार पृथ्वी के प्राकृतिक घटक अव्यवस्थित हो गए हैं। दुनिया की प्रमुख नदियों में पानी की मात्रा घट रही है। रिपोर्ट में चीन की येलो, अफ्रीका की नील और उत्तरी अमेरिका की कोलराडो नदियों में पानी घटने का उल्लेख था। गंगा-यमुना आदि नदियां जलहीन हो रही हैं। पक्षियों की अनेक प्रजातियों नष्ट हो चुकी हैं। जैव विविधता जलवायु का आधार है। अनेक जीव प्रजाति नष्ट हो चुके हैं। इस रिपोर्ट के पहले 2000 ई0 में पेरिस में 'अर्थचार्टर कमीशन' ने पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण के 22 सूत्र निकाले थे लेकिन परिणाम शून्य रहा। पृथ्वी की ताप बढ़त को अधिकतम 2 डिग्री सेल्सियस तक रोकने पर भी सहमति बनी। बीते 150 वर्ष में 0.80 सेल्सियस की वृद्धि पहले हो चुकी है। वाहन बढ़े हैं। खतरनाक गैसे बढ़ी हैं। वन क्षेत्र घटा है। साल 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने टिकाऊ विकास के 17 सूत्र लक्ष्य तय किये थे। पर्यावरण भी इनमें महत्वपूर्ण सूत्र है।

बदलते भूमण्डलीय ताप ने दक्षिण एशिया को कुप्रभावित किया है। भारत इसी क्षेत्र का प्रमुख हिस्सा है। विश्वबैंक की रिपोर्ट आई है। 'दक्षिण एशियाई हाट स्पाटः तापमान के प्रभाव और जीवर स्तर का परिवर्तन' शीर्षक की रिपोर्ट के अनुसार 'जलवायु परिवर्तन से 2050 तक भारत की जीडीपी को 2.8 प्रतिशत की क्षति हो सकती है।' रिपोर्ट का मन्तव्य साफ है। बढ़ते तापमान से ऋतु चक्र अव्यवस्थित होगा। कहीं बाढ़ तो कहीं सूखा होगा। सूखा, बाढ़ और तूफान बढ़ सकते हैं। कृषि को नुकसान होगा। मानव जीवन अव्यवस्थित होगा। एनएसबीसी बैंक ने भी दक्षिण एिशया में भारत को सबसे ज्यादा नुकसान वाला क्षेत्र बताया था।

बांग्लादेश व पाकिस्तान को कम क्षति वाले क्षेत्र बताए गए थे। रिपोर्ट में उत्तरी, उत्तर पश्चिम के क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रति सर्वाधिक संवेदनशील बताए गए थे। भारत जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों की गिरफ्त में है, बावजूद इसके हम भारत के लोग अपनी जीवनशैली में बदलाव को तैयार नहीं हैं। हम परंपरागत प्राकृतिक स्वाभाविक जीवनशैली से दूर हैं। वैदिक भारत के लोगों की जीवनशैली पर्यावरण प्रेमी थी। तब यही भारत जलवायु और पर्यावरण संरक्षण का अति संवेदनशील भूखण्ड था।

धरती से लेकर आकाश तक पर्यावरण की शुद्धता भारत की बेचैनी थी। विश्व इतिहास में पृथ्वी और जल को माता बताने की घोषणा ऋग्वेद के पूर्वजों ने की। उन्होंने पृथ्वी को माता और आकाश को पिता कहा। अथर्ववेद के कवि ऋषि ने 'मात भूमिः पुत्रो अहम्‌ पृथिव्या' की घोषणा की थी। ऋग्वैदिक समाज ने वर्षा के इन्द्र, वरूण आदि कई देवता थे। लेकिन पर्जन्य नाम के वर्षा देव निराले हैं। वे प्रकृति की अनेक शक्तियों से भरे-पूरे हैं। समूचे जल प्रपंच के देव है पर्जन्य। ऋग्वेद (1.164) बताते हैं 'सत्कर्म से समुद्र का जल ऊपर जाता है। वाणी जल को कंपन देती है। पर्जन्य वर्षा लाते हैं। भूमि प्रसन्न होती है।' यहां वर्षा पर्जन्य की कृपा है। आकाश पिता हैं। उनका रस पर्जन्य है।

पर्जन्य वस्तुतः ईकोलाजिकल साईकिल- पर्यावरण चक्र हैं। तभी तो वे मंत्रों स्तुतियों से ही प्रसन्न नहीं होते। वे पृथ्वी, जल, वायु नदी, वनस्पति और कीट पतिंग सहित सभी प्राणियों के संरक्षण से ही प्रसन्न होते हैं। पर्यावरण के सभी घटकों का संरक्षण ऋग्वैदिक जीवन का सीधा सूत्र है। हम संस्कृति और परम्परा को पिछड़ा बताते हैं, आयातित जीवनशैली को आधुनिक कहते हैं। अपनी प्राचीनता के भीतर से आधुनिकता का विकास नहीं करते। वृक्ष वनस्पतियां पृथ्वी परिवार के अंग हैं। वृक्ष कट रहे हैं। वन क्षेत्र घट रहे हैं। पेड़ कटाई की अनुमति सामान्य कर्मकाण्ड है। पेड़ कटाई की अनुमति में पर्यावरण कोई विषय नहीं होता।


नगरों-महानगरों के अराजक विस्तार में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होती है। नगरीय विस्तार की कोई सीमा नहीं है। नगर अपने विस्तार में जल, जंगल और जमीन को निगलते रहते हैं। नगर क्षेत्र विस्तार की पर्यावरण मित्र नीति बनानी चाहिए।

पेड़ भी प्राणी है। वे प्रकृति से ही सभी जीवों के लिए प्राणवायु देते हैं। कथित विकास मानव जीवन से दूर है और उपभोक्तावादी हैं। वैदिक पूर्वज पेड़ों को नमस्कार करते थे। आधुनिक मन को यह हास्यास्पद लग सकता है लेकिन इसकी मूल भूमि पर्यावरण संरक्षण ही है।

भारत को भारत की जीवनशैली ही अपनानी चाहिए। क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर की उपासना करते हुए ही जीवन का अविरल प्रवाह संभव है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर



बाल मुकुन्द ओझा

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मजबूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। इन पंक्तियों के लेखक ने ब्रिटेन के अनेक महासागरों का अवलोकन करते हुए समुद्र तटों की सैर का आनंद लिया है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। यहाँ के लोग इस बात का ध्यान रखते है की समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती है। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखे और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें।

पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है।

यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है।

इसमे मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़ पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। दुनियाभर के सागरों और महासागरों का क्षेत्रफल 367 मिलियन वर्ग किलोमीटर है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्रोत है। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। मानव जीवन को ऑक्सीजन महासागरों से मिलती है। महासागर हमारे भोजन और दवाओं भंडार है। यहाँ लाखों प्रजातियों के जीव जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पाँच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, ऐटलैंटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा ऐंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है।

सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिये कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहाँ स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के 12 वर्ष



विकास सक्सेना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश की बागडोर संभाले 12 वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस कालखण्ड में देश की आर्थिक, राजनैतिक, कूटनीतिक, सामाजिक, तकनीकी, सामरिक, अंतरिक्ष विज्ञान, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्षमताओं का जो स्वरूप देखने को मिला है उसने देशवासियों में आत्मविश्वास और आत्मगौरव की भावना को संचार किया है। अबतक के अपने कार्यकाल में मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को गंभीर चुनौतियों का सामना करने वाली 'फ्रेजाइल फाइव' अर्थव्यवस्थाओं में से निकाल कर दुनिया की सबसे तेजी गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना दिया।

आज भारत तेजी से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और फिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेनाओं ने अपने साहस, पराक्रम और रणनीतिक तथा तकनीकी कुशलता के दम पर हथियारों की सटीकता और उन्नत रक्षा प्रणाली का पूरे विश्व में लोहा मनवाया है। इसी का नतीजा है कि तमाम देश भारत में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने को उत्सुक हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने चंद्रयान-3 के जरिये चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया। अंतरिक्ष विज्ञान के सूरमा माने जाने वाले अमेरिका और रूस जैसे देश भी आज तक इस दिशा में सफलता हासिल नहीं कर सके हैं। इससे पहले इसरो ने अपने प्रथम प्रयास में ही मंगल ग्रह की कक्षा में सफलतापूर्वक प्रवेश करके अमेरिका और रूस जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया था। इन तमाम उपलब्धियों के बीच मोदी सरकार ने बीते 12 वर्षों में जो सबसे बड़ा काम किया, वो है भारतीय जनमानस में आत्मविश्वास, आत्मगौरव और स्वाभिमान की भावना का संचार।

मोदी सरकार के सतत प्रयासों से भारतीय जनमानस में गुलामी के बारह सौ सालों में विकसित हुए हीनता की ग्रन्थी टूटी है और भारतीय मेधा नई ऊर्जा के साथ प्रत्येक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

आठवीं शताब्दी के मध्य में भारत में विदेशी आक्रांताओं ने हमले शुरू किए। इन आक्रांताओं का लक्ष्य सिर्फ भारत की अपार धन संपदा को लूटना भर नहीं था बल्कि अपने मत मजहब को स्थापित करके 'गजवा ए हिन्द' की संकल्पना को साकार रूप देना था। सोलहवीं शताब्दी में व्यापार करने आई ईस्ट इण्डिया कम्पनी का भी उद्देश्य सिर्फ लाभ अर्जित करने तक सीमित नहीं रहा। उसके अधिकारी भी सुनियोजित तरीके से यहां ईसाइयत के विस्तार में जुट गए। लेकिन इस्लाम और ईसाइयत के व्यापक प्रसार में सबसे बड़ा रोड़ा दुनिया की प्राचीनतम सनातन संस्कृति की भारतीय जनमानस में मन मस्तिष्क और जीवनशैली में रची बसी गहरी जड़ें थीं। इनको नष्ट भ्रष्ट करने के लिए गौरी, गजनी, खिलजी और मुगल आक्रांताओं ने यहां के मंदिरों को तोड़ा ताकि यहां के उत्कृष्ट स्थापत्य कला को नष्ट करने के साथ ही भारतीय सांस्कृतिक आध्यात्मिक शक्ति पर आघात किया जा सके। सनातन धर्मावलम्बियों में हीन भावना भरने के लिए तोड़े गए मंदिरों के अवशेषों पर इस प्रकार मस्जिदों का निर्माण किया गया जिससे मंदिरों के चिन्ह भी स्पष्ट तौर पर दिखते रहें।

हजारों साल में संग्रहित भारतीय ज्ञान परंपरा के साहित्य को जलाया गया ताकि सनातन संस्कृति के सतत प्रसार को बाधित किया जा सके। अपनी समृद्धि के कारण सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत में व्यापार करने आई ईस्ट इण्डिया कम्पनी का प्रभाव बढ़ने से पहले जो आक्रांता भारत आए उन्होंने ताकत और तलवार के दम पर इस्लाम के प्रसार का भरसक प्रयास किया। तमाम अत्याचार के बावजूद ये इस्लामिक आक्रांता सनातन संस्कृति, धर्म, भाषा, शिक्षा, चिकित्सा पद्धति और आध्यात्म को लेकर सनातन धर्मावलम्बियों के विश्वास और आत्मगौरव के भाव को डिगा नहीं सके। लेकिन ईस्ट इण्डिया कंपनी की जड़ें जैसे ही मजबूत हुईं, उसकी समझ में आ गया कि अगर भारत में लम्बे समय तक आर्थिक लाभ कमाने के साथ ईसाइयत को स्थापित करना है तो सबसे पहले सनातन धर्मावलम्बियों में हीनता की ग्रंथी विकसित करनी होगी। इसके लिए सनातन संस्कृति से जुड़ी ज्ञान परम्परा, साहित्य, चिकित्सा, आध्यात्म, पर्वों, उत्सवों और सामाजिक परंपराओं को हेय बताते हुए भारतीय लोगों में अपराधबोध और आत्मग्लानि की भावना विकसित करने के सुनियोजित प्रयास किए गए। सनातन साहित्य में मिलावट करके उन्हें षड्यंत्रपूर्वक दूषित किया गया। यहां की चिकित्सा पद्धति को निष्प्रभावी बताने का प्रयास किया गया।

विदेशी आक्रांताओं के प्रभाव और देशकाल परिस्थितियों के कारण कुछ क्षेत्रों में विकसित हुई कुरीतियों को समाज सुधार के नाम पर अपने पिट्ठुओं से विरोध कराकर इनको इस प्रकार प्रचारित किया जैसे ये संपूर्ण सनातन धर्म की स्थापित प्रथा और अनिवार्य परंपराएं हैं। यहां तक कि हमारे गिल्ली-डंडा, कंचे, पतंगबाजी, बग्गा-बग्घी जैसे खेलों को बेवजह हेय दिखाने के सुनियोजित प्रयास किए गए। ईसाई मिशनरियों और ब्रिटिश सरकार के सतत प्रयास से देश में एक बड़ा वर्ग विकसित हो गया जो सनातन धर्म और संस्कृति को हेय दृष्टि से देखता था।

क्रांतिकारियों को बलिदान और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप 1947 में जब देश को अंग्रेजों की सत्ता से आजादी मिली तो उसके साथ धर्म के आधार पर पुण्य मातृभूमि का विभाजन भी स्वीकार करना पड़ा। दुर्भाग्य से तत्कालीन नेतृत्व की भारतीय सनातन संस्कृति के प्रति संवेदनहीनता के चलते माता 51 शक्तिपीठों में से एक हिंगलाज माता मंदिर पाकिस्तान और सात शक्तिपीठ जेशोश्वरी माता मंदिर, सुगंधा माता मंदिर, अपर्णा माता मंदिर, जयंती माता मंदिर, महाशक्ति माता मंदिर, चट्टल भवानी माता मंदिर और त्रिस्रोता माता मंदिर बांग्लादेश (तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान) में चले गए।

इसके अलावा ढाकेश्वरी माता का मंदिर और सिखों का प्रमुख तीर्थ करतारपुर साहिब गुरूद्वारा पाकिस्तान को दे दिए गए लेकिन भारतीय नेतृत्व की ओर से इसे लेने के कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। दुर्भाग्य से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जब हमारी सेना के पराक्रम से नया बांग्लादेश बना तब भी न तो करतापुर साहिब को वापस लेने के प्रयास हुए न ही बांग्लादेश स्थित मंदिरों को वापस हासिल करने के कोशिश की गई। लेकिन वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद हालात तेजी से बदले हैं। बीते 12 वर्षों में 500 साल के लम्बे संघर्ष के बाद अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के भव्य विस्तार के साथ महर्षि विश्वामित्र द्वारा पावागढ़ में स्थापित काली मां के मंदिर से 500 वर्ष बाद दरगाह को हटाकर शिखर ध्वज फहराना मोदी सरकार में ही संभव हो सका है। हाल ही में भोजशाला को भी न्यायालय ने वाग्देवी का मंदिर मानते हुए हिन्दुओं के पक्ष में निर्णय दिया है। भारत से चोरी हुई 642 प्राचीन वस्तुएं जिनमें अधिकांश देवी देवताओं की मूर्तियां हैं, कूटनीतिक प्रयासों से पिछले 12 वर्षों में वापस आई हैं जो किसी भी देश के लिए रिकार्ड है। इसके अलावा सरकार के सतत प्रयास से आयुर्वेद और योग को अन्तरराष्ट्रीय पहचान मिली है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**- बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष**- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन**- यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क**- मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

**सिंह**- परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कन्या**- अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**तुला**- मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक**- दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**धनु**- घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

**मकर**- प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कुंभ**- कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं।

**मीन**- आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए राज्य व केन्द्र की सरकार प्रतिबद्ध : गिरिराज



**बेगूसराय, 07 जून (तरुणमित्र)**। रविवार को गांधी स्टेडियम में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने अनुदान, चश्मा एवं बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, विधान पार्षद सर्वेश कुमार, उप महापौर अनिता राय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता बृजकिशोर चौधरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रंजीत कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नेहा कुमारी, सहायक निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभिजीत सोनल, वरीय उप समाहर्ता सुश्री पूजा कुमारी, जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सामाजिक सुरक्षा कोषांग के माध्यम से संचालित अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना तथा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के लाभुकों के बीच सावधि जमा (एफडी) प्रमाण-पत्र वितरण किया गया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत कुल तीन लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इनमें दो दंपति शामिल थे। एक दंपति में पति या पत्नी में से एक दिव्यांग होने के कारण उन्हें योजना के प्रावधानों के अनुरूप एक लाख रुपये की सावधि जमा उपलब्ध कराई गई। वहीं, दूसरे दंपति में पति एवं पत्नी दोनों दिव्यांग थे, जिसके आलोक में दोनों को एक-एक लाख रुपये की दर से कुल दो लाख रुपये की सावधि जमा प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के अंतर्गत 14 लाभुकों को एक-एक लाख रुपये की सावधि जमा प्रदान किया गया। बुनियाद केंद्र पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में चिन्हित लाभुकों के बीच भी चश्मों का वितरण किया गया। इस क्रम में कुल 269 लाभुकों को निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया गया।

जिससे उन्हें दैनिक जीवन में बेहतर दृष्टि सुविधा प्राप्त हो सकेगी। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं उनकी स्वतंत्र गतिशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना के तहत बैटरी चालित ट्राइसाइकिलों का भी वितरण किया गया। सदर अनुमंडल के 15 दिव्यांग लाभुकों को कार्यक्रम स्थल पर मोटराइज्ड अथवा बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया।

साथ ही जिले के अन्य अनुमंडलों के लाभुकों को सम्मिलित करते हुए, कुल 69 दिव्यांगजनों को इस योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की गई तथा उपलब्धता के अनुसार बैटरी चालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई गई। सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, आर्थिक रूप से कमजोर एवं सामाजिक रूप से वंचित वर्गों के उत्थान के लिए संचालित योजनाएं सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की भावना को सशक्त करती हैं।

# भारत–नेपाल सीमा पर एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, 1733 किलो गांजा बरामद



**सुपौल, 07 जून (तरुणमित्र)**। भारत-नेपाल सीमा से सटे सुपौल जिले के वीरपुर अनुमंडल क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 1733.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 6 करोड़ 93 लाख 44 हजार रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में सक्रिय तस्करी गिरोहों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार 45वीं वाहिनी एसएसबी वीरपुर की सीमा चौकी सतना को पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि तस्कर नेपाल के रास्ते बड़ी मात्रा में गांजे की खेप भारत लाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसएसबी ने सीमा क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी थी और लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा था। शुक्रवार देर रात दत्ता टोला क्षेत्र में तैनात एसएसबी जवानों ने एक संदिग्ध नेपाली नंबर प्लेट वाले वाहन को आते देखा। जवानों ने वाहन को रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी और सुरक्षा बल के जवानों को कुचलने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसएसबी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोलेरो कैंपर वाहन को रोक लिया। हालांकि चालक तथा अन्य तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे 47 प्लास्टिक के बोरों से कुल 1733.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया।

# शहजाद अली हत्या मामले में दो और नामजद अभियुक्त गिरफ्तार



**सीवान, 07 जून (तरुणमित्र)**। के बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में हुए शहजाद अली हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने आज बताया कि कांड के अग्रेतर अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय सूचना के आधार पर घटना में संलिप्त दो अन्य नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि 30 मई 2026 को शिवराजपुर गांव निवासी शहजाद अली की हत्या की सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया था। मामले की वैज्ञानिक जांच के लिए एफएसएल टीम को भी लगाया गया तथा महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए। इसके बाद बड़हरिया थाना कांड संख्या 230/26 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया।बताया कि हत्याकांड के त्वरित उद्भेदन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-01 के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था। जांच के दौरान पहले ही तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है। एसपी ने बताया कि अब गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में छठु मांझी तथा मंटू मांझी शामिल हैं।

दोनों शिवराजपुर गांव के निवासी हैं और घटना में उनकी संलिप्तता सामने आई है। पुरन कुमार झा ने कहा कि इस हत्याकांड में अब तक कुल पांच अभियुक्त गिरफ्तार किए जा चुके हैं तथा दो विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है।

## पानी के टैंक में ले जाई जा रही 360 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद

**सुपौल, 07 जून (तरुणमित्र)**। जिले के भपटियाही थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए लालगंज पुल के समीप एक ऑटो से भारी मात्रा में कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद किया है। इस मामले में चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। बरामद कफ सिरप की कुल 360 बोतलों की अनुमानित बाजार कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी प्रजेश दुबे को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ऑटो के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने लालगंज पुल के पास नाकेबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी।

# कोसी नदी का जलप्रवाह इस वर्ष पहली बार 43 हजार क्यूसेक के पार



**सुपौल, 07 जून (तरुणमित्र)**। नेपाल के बराह क्षेत्र कैचमेंट क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने के बाद कोसी नदी के जलप्रवाह में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। रविवार को कोसी बराज पर जल अधिग्रहण (डिस्चार्ज) 43,635 क्यूसेक तक पहुंच गया, जो बाढ़ अवधि 2026 में पहली बार 43 हजार क्यूसेक के आंकड़े को पार करने वाला स्तर है। बिहार जल संसाधन विभाग के रियल-टाइम डिस्चार्ज आंकड़ों में भी कोसी बराज के प्रवाह में बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

जल संसाधन विभाग के पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार, नेपाल के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश के प्रभाव से कोसी नदी के जलप्रवाह में क्रमिक वृद्धि की संभावना पहले ही जताई गई थी। विभाग के मॉडल पूर्वानुमान में बिरपुर बराज पर डिस्चार्ज 43 हजार क्यूसेक के आसपास पहुंचने का संकेत दिया गया था।

हालांकि वर्तमान जलप्रवाह अभी खतरे के स्तर से काफी नीचे है और तटबंधों पर किसी प्रकार का दबाव नहीं माना जा रहा है, लेकिन मानसून के सक्रिय होने तथा नेपाल क्षेत्र में वर्षा बढ़ने पर आने वाले दिनों में जलस्तर पर प्रशासन और जल संसाधन विभाग की लगातार नजर बनी हुई है। कोसी नदी के जलस्तर में यह वृद्धि सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया और कटिहार सहित निचले इलाकों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि मानसून की शुरूआत के साथ नदी की प्रवृत्ति पर विशेष निगरानी रखी जाती है।

# एनएच के किनारे अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा अभियान : डीएम



**मोतिहारी पु.च., 07 जून (तरुणमित्र)**। जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला हाईवे सेफ्टी टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले से होकर गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग डिवीजनों के प्रोजेक्ट मैनेजर, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा परिवहन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।समीक्षा के क्रम में राष्ट्रीय उच्च पथ डिवीजन के प्रोजेक्ट मैनेजरों ने बताया कि अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण वाले स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चिन्हित स्थलों की थाना-वार सूची तैयार की जाए तथा संबंधित थानों के सहयोग से अतिक्रमणकारियों एवं अवैध पार्किंग संचालकों को नोटिस जारी कर शीघ्र कार्रवाई की जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों को अतिक्रमण मुक्त करना आवश्यक है ताकि यातायात सुगम हो सके और सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

उन्होंने संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## बाढ़ सुरक्षा सप्ताह 2026 : एसडीआरएफ की मॉकड्रिल में ग्रामीणों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**मेहसी (पूर्वी चंपारण), 07 जून (तरुणमित्र)**। बाढ़ सुरक्षा सप्ताह 2026 के अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को मोतिहारी प्रखंड के बरदाहा पंचायत भवन में एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) द्वारा मॉकड्रिल एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को आपदा के समय सतर्कता, सुरक्षा और त्वरित बचाव के प्रति जागरूक बनाना था। सुबह 8 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में एसडीआरएफ की टीम ने बाढ़, वज्रपात (आकाशीय बिजली), अग्निकांड तथा अन्य आपात स्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके प्रदर्शित किए।

# 26 लीटर देशी शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**सीवान, 07 जून (तरुणमित्र)**। रेलवे सुरक्षा बल की प्रिवेंशन एंड डिटेक्शन स्क्वाड, आरपीएफ चौकी दरौंदा तथा उत्पाद विभाग सीवान की संयुक्त कार्रवाई में रविवार को दरौंदा रेलवे स्टेशन से एक महिला शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 26 लीटर देशी शराब बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सीवान सुभाष चंद्र यादव के पर्यवेक्षण में सीपीडीएस टीम, आरपीएफ चौकी दरौंदा और उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम स्टेशन परिसर में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान रविवार दोपहर में प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर पहुंची गाड़ी संख्या 14006 आनंद विहारझसीतामढ़ी लिच्छवी एक्सप्रेस के एस-3 कोच के गेट के समीप एक महिला संदिग्ध अवस्था में दिखाई दी।महिला सिपाही द्वारा उसके पिट्ठू बैग एवं झोले की तलाशी लेने पर 200-200 एमएल की 130 बोतल बंटी-बबली लाइम देशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 26 लीटर तथा अनुमानित कीमत 7,150 रुपये बताई गई है। गिरफ्तार महिला की पहचान चौहान किरण (36 वर्ष), पति- हरेंद्र चौहान, निवासी खुरमाबाद, थाना मुफस्सिल, जिला सीवान के रूप में हुई है। बरामद शराब को अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग सीवान को सौंप दिया गया। इस संबंध में उत्पाद विभाग द्वारा कांड संख्या 469/26 दर्ज करते हुए बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत मामला पंजीकृत किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की सड़क हादसे में मौत, साथी घायल

**सुपौल, 07 जून (तरुणमित्र)**। जिले के जदिया थाना क्षेत्र के एक युवक की शनिवार देर शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। यह हादसा जदिया से सटे मधेपुरा जिले के कुमारखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत बिशनपुर चौक के समीप एसएच-91 पर हुआ। दुर्घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है और इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।मिली जानकारी के अनुसार जदिया वार्ड संख्या-10 निवासी सौरभ कुमार (पुत्र रामविलास साह) अपने साथी साईं के साथ अपाचे बाइक से टीकूलिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान मुरलीगंज की दिशा से आ रही एक हाइवा ट्रक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल त्रिवेणीगंज रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया।वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. बी.एन. पासवान ने जांच के बाद सौरभ कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल साईं का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर है और उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।हादसे की सूचना मिलते ही कुमारखंड थाना अध्यक्ष रंजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और सड़क पर आवागमन बहाल कराया।

### भटहां गांव में छापेमारी कर नितेश कुमार को किया गिरफ्तार

**सुगौली, पू.च:, 07 जून (तरुणमित्र)**। थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संभावित लूट एवं ठगी की एक बड़ी वारदात को समय रहते विफल कर दिया। गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने भटहां गांव में छापेमारी कर नितेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पुलिस की वर्दी पहनकर आम लोगों को झांसा देता था तथा खुद को पुलिसकर्मी बताकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देता था। साथ ही वह अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना भी बना रहा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से दो स्टार लगी पुलिस वर्दी, बिहार पुलिस नीला रंग टोपी,लाल बेल्ट, ड्रैगन चाकू एवं टॉर्च बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने तीन नामजद तथा तीन अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक गिरोह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों से अवैध वसूली एवं ठगी कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने पूरे गिरोह की पहचान करते हुए कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उनके पास से नकली पुलिस वर्दी बरामद की गई है।

## राजाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्यों की बैठक आयोजित, शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर जोर

**तुरकौलिया पु.च., 07 जून (तरुणमित्र)**। राजाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तुरकौलिया परिसर में शनिवार को पूर्वी चंपारण जिले के तुरकौलिया एवं हरसिद्धि प्रखंड क्षेत्र के सभी प्राचार्यों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी के निर्देश पर बुलाई गई थी, जिसमें हरसिद्धि प्रखंड सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान ने कहा कि शिक्षक समाज के निमार्ता होते हैं और उनकी भूमिका नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अपने आचरण एवं कार्यशैली से विद्यार्थियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। बैठक में बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जा रही है। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया गया।जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी ने कहा कि जिन विद्यालयों में प्रबंधकारिणी समिति का गठन नहीं हुआ है, वहां शीघ्र समिति का गठन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# 'नल-जल योजना बेअसर, भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे लोग

## मेहसी में प्यासे लोग, सवालों के घेरे में नल-जल योजना

**मेहसी (पूर्वी चंपारण), 07 जून (तरुणमित्र)**। भीषण गर्मी के बीच मेहसी नगर पंचायत के लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या पीने के पानी की बन गई है। सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना, जिसका उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना था, नगर क्षेत्र में अपेक्षित परिणाम देने में असफल नजर आ रही है। नगर पंचायत के 15 वार्डों में करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल रही है। तापमान बढ़ने के साथ पानी का संकट भी गहराता जा रहा है। कई मोहल्लों में नलों से पानी नहीं आ रहा है, जबकि अनेक चापाकल भी पानी देना बंद कर



चुके हैं। ऐसी स्थिति में लोगों को दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को झेलनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन बिछाने से लेकर जलापूर्ति व्यवस्था तक कई स्तरों पर लापरवाही बरती गई, जिसके कारण करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद योजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच सका। नागरिकों ने अधिकारियों, ठेकेदारों और संबंधित एजेंसियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

नगरवासियों का यह भी कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों और अधिकारियों को अपनी समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। लगातार बढ़ती गर्मी और जल संकट ने लोगों में नाराजगी और चिंता दोनों बढ़ा दी है। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, तो फिर मेहसी के लोगों को आज भी पानी के लिए संघर्ष क्यों करना पड़ रहा है? इस सवाल का जवाब और समाधान दोनों अब प्रशासनिक जिम्मेदारी का विषय बन चुके हैं।

# धनौती नदी की सफाई के लिए चला जागरूकता अभियान



**सुगौली, 07 जून (तरुणमित्र)**। प्रखंड के भटहां धनौती नदी के संरक्षण और स्वच्छता को लेकर रविवार को भटहां गांव स्थित नदी तट पर एक सफाई एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व महाराष्ट्र के वर्धा में पत्रकारिता की पढ़ाई कर रहे प्रियांशु कुमार ने किया।

अभियान के दौरान नदी किनारे फैले कचरे को साफ किया गया तथा लोगों को नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर विनीत सिंह, अखिलेश सर, मोहित कुमार, संदीप सर और तेजस्वी सहित गांव के कई छोटे-छोटे बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान से जुड़े लोगों ने कहा कि धनौती नदी क्षेत्र की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसे स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। साथ ही, नदी में फैली जलकुंभी एवं अन्य समस्याओं के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से आवश्यक कदम उठाने की अपील की गई।

# विश्व भूख दिवस : एक भोजन बदल सकता है जीवन

**बेगूसराय, 07 जून (तरुणमित्र)**। विश्व भूख दिवस के अवसर पर मलाबार ग्रुप की मानवीय पहल 'हंगर फ्री वर्ल्ड' ने अपनी स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के प्रभाव को 'रिहैबिलिटेशन इम्पैक्ट रिपोर्ट: इम्पैक्ट स्टोरीज-कैसे एक दैनिक भोजन बदल देता है जीवन की दिशा' के माध्यम से प्रस्तुत किया। यह रिपोर्ट दशार्ती है कि जमीनी स्तर पर थनल द्वारा संचालित दैनिक भोजन वितरण अभियान ने सड़कों पर रहने वाले जरूरतमंद लोगों को बचाव, चिकित्सा सहायता, आश्रय, सम्मान की पुनर्स्थापना और परिवार से पुनर्मिलन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम की शुरूआत पौष्टिक भोजन तक नियमित पहुंच के माध्यम से भूख की समस्या से निपटने के उद्देश्य से की गई थी। समय के साथ यह पहल गहन देखभाल का एक माध्यम भी बन गई है, क्योंकि दैनिक संपर्क के जरिए फील्ड वर्कर्स लाभार्थियों के साथ विश्वास कायम कर पाते हैं, उनके स्वास्थ्य और व्यवहार में होने वाले बदलावों को समझते हैं, संकट की पहचान करते हैं और उन्हें पुनर्वास सहायता से जोड़ते हैं।

यह रिपोर्ट इस कार्यक्रम की मूल सोच को और मजबूत करती है कि यदि भोजन को निरंतरता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ प्रदान किया जाए, तो वह बड़े बदलाव की शुरूआत बन सकता है। यह कार्यक्रम वर्तमान में भारत के 20 राज्यों और नौ देशों में संचालित हो रहा है। जिनमें छह जीसीसी देश, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और जाम्बिया शामिल हैं। माइक्रो लर्निंग सेंटर्स और स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के माध्यम से यह पहल 1,43,000 लाभार्थियों तक पहुंच रही है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम. पी. अहमद ने कहा, एक भोजन साधारण लग सकता है, लेकिन जब इसे निरंतरता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ प्रदान किया जाता है, तो यह केवल भोजन नहीं रह जाता। हंगर फ्री वर्ल्ड के माध्यम से हमने देखा है कि नियमित संपर्क किस तरह विश्वास कायम करता है, और वहीं विश्वास अक्सर पुनर्वास, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच, भावनात्मक सहयोग और सम्मान की पुनर्स्थापना की नींव बन जाता है। ये कहानियां इस बात को मजबूत करती हैं कि कमजोर समुदायों के साथ निरंतर जुड़ाव कितना महत्वपूर्ण है, जहां करुणा और निरंतरता किसी व्यक्ति के जीवन की दिशा को सार्थक रूप से बदल सकती है। स्ट्रीट मील डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम के अंतर्गत कई ऐसे उदाहरण सामने आए हैं, जिन्होंने दिखाया कि नियमित भोजन किस प्रकार गहरी देखभाल का मार्ग खोल सकता है। नागरकोइल में, बस स्टैंड के पास भोजन प्राप्त करने वाले एक बुजुर्ग व्यक्ति ने सुरक्षित जीवन की अपनी इच्छा भोजन वितरण वाहन चालक से साझा की, जिसके बाद उन्हें एक केयर होम तक पहुंचाया गया। कुंभकोणम में कई महीनों तक नियमित भोजन सहायता ने बिस्तर पर पड़े एक व्यक्ति के जीवन में स्वच्छता देखभाल, साफ कपड़े और पुनर्वास सहायता के माध्यम से सम्मान की पुनर्स्थापना की। वहीं, चेन्नई में, दिन में दो बार लगातार भोजन वितरण अभियान ने संकट में जी रही एक महिला को धीरे-धीरे सहायता स्वीकार करने और बाद में एक केयर सेंटर में जाने के लिए प्रेरित किया।

# बसंतपुर में पट्टीदारों के बीच खूनी संघर्ष किशोर समेत तीन गंभीर रूप से घायल

**सीवान, 07 जून (तरुणमित्र)**। जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के महमदा गांव के टोला में रविवार की सुबह पूर्व से चले आ रहे विवाद को लेकर दो पट्टीदारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक किशोर समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार के लिए बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, सीवान रेफर कर दिया। घायलों की पहचान महमदा गांव निवासी स्वर्गीय नागेश्वर सिंह के 47 वर्षीय पुत्र अरुण सिंह, 45 वर्षीय विजय सिंह तथा विजय सिंह के 15 वर्षीय पुत्र अनुज कुमार के रूप में हुई है।घायलों ने आरोप लगाया है कि पूर्व से चले आ रहे आपसी विवाद और रंजिश के कारण उनके पट्टीदारों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। उनका कहना है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी सहित अन्य धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। हमले में विजय सिंह के माथे और कान पर गंभीर चोटें आईं, जिससे काफी रक्तस्राव हुआ। वहीं, अनुज कुमार के माथे पर कुल्हाड़ी से वार किए जाने के कारण गंभीर जख्म हो गया और उसे कई टांके लगाने पड़े। अरुण सिंह भी हमले में गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# स्वस्थ जीवन व स्वच्छ पर्यावरण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली

## नोखा में विश्व साइकिल दिवस पर दिखा उत्साह




**नोखा (रोहतास), 07 जून (तरुणमित्र)।** साइकिल दिवस के अवसर पर नोखा प्रखंड एवं नगर परिषद क्षेत्र में जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (ग्रामीण) के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ बराव गांव स्थित पोखरा परिसर से हुआ। रैली को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुश्री शेफाली, प्रखंड समन्वयक किरण कुमारी, मुखिया हिना देवी तथा जीविका के बीपीएम रविकांत शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर बीडीओ सुश्री शेफाली ने कहा कि साइकिल स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक बचत का सबसे बेहतर साधन है। नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा प्रदूषण में भी कमी आती है। रैली में शामिल लोगों ने गांव के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए साइकिल के महत्व का संदेश दिया।कार्यक्रम में बीडीसी कैलाश पासवान, पर्यवेक्षक भानु कुमार, हरिवंश नारायण सिंह, अमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय पटेल, आजाद, बच्चन प्रसाद, बबलू गुप्ता एवं शिवानंद चौधरी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।वहीं नगर परिषद क्षेत्र के विद्यालयों में भी विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। बुधन चौधरी स्मारक उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रोहित कुमार, परवेज अख्तर, मिथलेश पटेल, आनंद मोहन और अमरजीत चौधरी की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने साइकिल चलाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।यह संस्करण समाचार पत्र प्रकाशन के लिए संक्षिप्त, प्रभावी और सभी प्रमुख नामों सहित तैयार किया गया है।

## सड़कों पर एक बार फिर फुटपाथी दुकानदारों का कब्जा, बढ़ने लगी जाम की समस्या

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।** शहर की सड़कों को जाम मुक्त बनाए रखने के लिए पुराने बस स्टैंड में बनाए गए वेंडिंग जोन के बावजूद एक बार फिर फुटपाथी दुकानदारों ने धीरे-धीरे शहर की सड़कों को अतिक्रमित कर लिया है। शहर के रौजा रोड, पोस्ट ऑफिस चौराहा एवं धर्मशाला मोड़ के समीप एक बार फिर काफी संख्या में फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है, जिससे जाम की समस्या बढ़ने लगी है। सुबह होते हीं उक्त सड़कों के दोनों तरफ फुटपाथी दुकानदार अपने ठेले खोमचे के साथ पहुंच जाते हैं, जो देर शाम तक जमे रहते हैं। इससे न सिर्फ पूरे दिन शहर की सड़कों पर भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।दरअसल नगर निगम एवं जिला प्रशासन ने बीते दिनों लगातार अभियान चला कर सभी फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया था, जिससे सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या से काफी हद तक निजात मिल गई थी, लेकिन जैसे हीं नगर निगम सुस्त पड़ा, फुटपाथी दुकानदारों ने एक बार फिर सड़कों पर कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि सड़कों पर अतिक्रमण नगर निगम एवं फुटपाथी दुकानदारों की मिली भगत का नतीजा है और सभी आला अधिकारी सुस्त पड़ चुके हैं।दरअसल शहर के पुराने बस स्टैंड में बनाए गए वेंडिंग जोन से शहर के फुटपाथी विक्रेता नाराज हैं। शहर के मुख्य सड़क से दूर होने के कारण उन्हें अपने उत्पादों के नहीं बिकने का डर सता रहा है। उनका कहना है कि बस स्टैंड में बनाए गए वेंडिंग जोन में खरीदार नहीं आते, जिससे फल, सब्जी सहित अन्य सभी कच्चे उत्पाद खराब हो जाते हैं।देखा जाए तो शहर के पुराने बस स्टैंड में बनाए गए वेंडिंग जोन में सड़कों से सभी फुटपाथी दुकानदारों को शिफ्ट कराना नगर निगम प्रशासन के लिए अब भी एक बहुत बड़ी चुनौती है। लंबे समय तक लोगों ने शहर की मुख्य सड़कों के किनारे लगने वाले फुटपाथी दुकानों से हीं फल व सब्जियां खरीदी है और इसमें उन्हें सहूलियत भी दिखती है। इसलिए जब तक शहरवासी नए वेडिंग तक जाने की आदत नहीं डाल लेते तब तक फुटपाथी दुकानदारों को वेंडिंग जोन में रोके रखना मुश्किल प्रतीत होता है।

## भलुनीधाम की सरकारी जमीन पर बढ़ता अतिक्रमण प्रशासनिक उदासीनता पर उठ रहे सवाल

**दिनारा रोहतास, 07 जून (तरुणमित्र)।** प्रखंड के सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल सिद्ध शक्तिपीठ भलुनीधाम में सरकारी भूमि पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी चिंता व्याप्त है। आरोप है कि भू-माफियाओं और कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा मंदिर परिसर एवं उसके आसपास की सरकारी जमीनों पर धड़ल्ले से मिट्टी गिराकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि खुलेआम चल रहे इस अतिक्रमण के बावजूद अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

स्थानीय लोगों के अनुसार भलुनी भवानी मंदिर के सामने स्थित बहुमूल्य सरकारी भूमि पर पहले से ही अतिक्रमण की स्थिति बनी हुई है। अब अतिक्रमणकारियों की नजर मंदिर परिसर के आसपास बची खाली सरकारी जमीनों और मुख्य सड़क के किनारे स्थित भूखंडों पर पड़ गई है। बताया जाता है कि दुकान और गुमटी लगाने की मंशा से विभिन्न स्थानों पर लगातार मिट्टी गिराई जा रही है, जिससे जमीन पर कब्जे की तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर से जुड़ी मुख्य सड़कों के किनारे बड़े पैमाने पर मिट्टी डाले जाने से न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सड़क की चौड़ाई भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यह स्थिति जारी रही तो भविष्य में आवागमन की समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

आस्था के प्रमुख केंद्र भलुनीधाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थल पर हो रहे कथित अतिक्रमण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों तथा श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो आने वाले दिनों में मंदिर परिसर और आसपास की सरकारी भूमि पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में आ सकती है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि लगातार हो रहे कब्जे से न केवल श्रद्धालुओं की सुविधा प्रभावित होगी, बल्कि मंदिर परिसर की गरिमा और यातायात व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और अंचल प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, अवैध रूप से गिराई गई मिट्टी को हटाने तथा अतिक्रमण में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही भलुनीधाम परिसर को अतिक्रमण मुक्त कर उसकी मूल पहचान और पवित्रता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की है। इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल पदाधिकारी मोहम्मद अजहरूद्दीन ने बताया कि भलुनीधाम क्षेत्र की स्थल जांच

## रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष पुन:बनने पर दिनारा में जश्न का माहौल

**दिनारा रोहतास, 07 जून (तरुणमित्र)।** दिनारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार सिंह को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के संगठनात्मक चुनाव में एक बार फिर बिहार प्रदेश अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पटना में आयोजित पार्टी के संगठनात्मक चुनाव कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने उनके नाम की औपचारिक घोषणा की। गौरतलब है कि आलोक कुमार सिंह पूर्व से ही पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। संगठन ने उनके नेतृत्व, कार्यशैली और संगठन विस्तार में योगदान पर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी सौंप दी है। पार्टी नेतृत्व के इस निर्णय को संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।उनकी पुनर्नियुक्ति की घोषणा होते ही दिनारा विधानसभा क्षेत्र समेत रोहतास जिले के कार्यकताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल बन गया।

## छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर पथराव, सब इंस्पेक्टर घायल

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले से रविवार को पुलिस टीम पर हमले का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल संझौली थाना क्षेत्र के तिलई गांव स्थित मुसहर टोली में संझौली थाने की पुलिस अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची थी, तभी कुछ कथित शराब कारोबारियों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया। इस घटना में एक पुलिस पदाधिकारी घायल हैं, जिन्हें संझौली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार तिलई गांव के मुसहर टोली में पुलिस को अवैध शराब निर्माण और बिक्री की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के पश्चात जब पुलिस उक्त गांव में छापेमारी करने पहुंची, तो गांव में अफरातफरी मच गई और स्थानीय ग्रामीण दहशत में आ गए।बताया जाता है कि पुलिस टीम छापेमारी के दौरान एक महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर अपने साथ ले जा रही थी, तभी वहां मौजूद कुछ कथित शराब कारोबारी एवं उनके समर्थक आक्रोशित हो उठे। देखते हीं देखते स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर पत्थरबाजी शुरू कर दिया। जिसमें एक सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार घायल हो गये।हालांकि उस वक्त स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस टीम उक्त महिला को छोड़कर वापस लौट आई, लेकिन कुछ देर बाद पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए पुलिस कार्य में बाधा पहुंचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में संझौली थाना अध्यक्ष पूनम कुमारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तिलई गांव में छापेमारी के दौरान एक सब इंस्पेक्टर घायल हुए हैं, जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि घटना में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा आगे की कार्रवाई चल रही है।

## 16 को पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, घर के नजदीक मिलेगा बिजली समस्याओं से छुटकारा- ई. ब्रवीम

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।** आम विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विद्युत विभाग द्वारा 16 जून को विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के विभिन्न पंचायतों में विशेष सहयोग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान उनके पंचायत स्तर पर ही सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें विभागीय कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।विद्युत कार्यपालक अभियंता, सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि सहयोग शिविरों में बिजली बिल सुधार, नया विद्युत कनेक्शन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से संबंधित सहायता, मीटर खराबी, लोड वृद्धि, बकाया भुगतान तथा विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का निवारण किया जाएगा। शिविर में विभागीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने सभी सहायक एवं कनीय विद्युत अभियंताओं को निर्देश दिया है कि शिविर में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन किया जाए तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराई जाए। सहयोग शिविर के दौरान उपभोक्ताओं को सुरक्षित विद्युत उपयोग, ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट प्रीपेड मीटर के फायदे तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।16 जून को जिन पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होंगे, उनमें शिवसागर के नाद, नोखा के दक्षिणी बरांव, संझौली के उदयपुर, बिक्रमगंज के जमोढ़ी, सासाराम के दरिगांव, दिनारा के भुई, दावथ के सहिनाँव, करगहर के सेन्दुआर, चेनारी के सदोखर, कोचस के रेडिया तथा शिवसागर के करूप पंचायत सरकार भवन शामिल है।विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने निकटतम सहयोग शिविर में पहुंचकर विभागीय सेवाओं का लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

## मधुमेह एक गंभीर बीमारी,हर वर्ग के लोग हो रहे प्रभावित -गोविंद

### मधुमेह पर आयोजित दो दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।**भारतीय मधुमेह अध्ययन अनुसंधान समाज आर.एस.एस.डी आई. के बिहार अध्याय की ओर से आयोजित दो दिवसीय राज्य सम्मेलन नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार की मेजबानी व संयोजन में कल शाम शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्घाटन देवमंगल सभागार में मुख्य अतिथि गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गोविन्द नारायण सिंह, कुलपति डाक्टर जगदीश सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह औरंगाबाद के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ,विशिष्ट अतिथि आर एस एस डी आई पूर्वी जोन समिति के सदस्य डॉक्टर बी के सिंह, राष्ट्रीय



समिति सदस्य डॉक्टर राजेश केसरी ,बिहार चैप्टर के पैटर्न डॉ अजय कुमार, बिहार के अध्यक्ष डॉक्टर शैबाल गुहा,डॉ अतुल कुमार आर एस एस डी आई बिहार चुनाव समिति के अध्यक्ष, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ,सचिव डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह तथा सह संयोजक डॉ अभिषेक कमेन्दु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम के आरंभ में सभी आगत अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर महेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गोविंद नारायण सिंह ने आर एस एस डी आई बिहार चैप्टर के अध्यक्ष एवं उपस्थित राष्ट्रीय समिति के सदस्यों के प्रति इसके लिए आभार व्यक्त किया कि और उन्हें बधाई दी कि बिहार चैप्टर का सम्मेलन की मेजबानी का अवसर नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को दिया गया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से चिकित्सा जगत में हो रहे नित्य नई खोज और शोधों से अवगत होने का अवसर प्राप्त होता है जिसका सीधा-सीधा लाभ चिकित्सकों ,छात्रों एवं जनमानस को प्राप्त होता है ।उन्होंने कहा कि मधुमेह आज एक गंभीर बीमारी के रूप में उभरी है तथा सभी उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं ।तेजी से पांव पसार रहे मधुमेह के उपचार एवं बचाव को लेकर इस सम्मेलन से जो भी फलाफल निकलेगा वह निश्चित रूप से समाज और देश के हित के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। इस अवसर पर कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए चिकित्सकों द्वारा मधुमेह को लेकर किए जा रहे हैं खोज एवं उनके रोकथाम के लिए लगातार हो रहे उपायों पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यानों के लिए उन्हें सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के साथ ही आज दो दिवसीय सम्मेलन का विधिवत समापन हो गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### थार की टक्कर से बाइक सवार एक किसान की मौत, दूसरा गंभीर स्थिति में रेफर

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले में शनिवार की रात एक किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनार गांव के समीप की है और मृतक की पहचान सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धनपूरवा गांव निवासी अक्षयवर सिंह के रूप में हुई है।घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि शनिवार की रात बाइक सवार दो व्यक्ति सासाराम चौसा पथ से होते हुए अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित थार जीप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति सड़क से दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर की आवाज सुनकर घटनास्थल पर काफी संख्या में लोग जमा हो गये। लोगों ने बाइक सवार दोनों व्यक्तियों को तुरंत सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल गुड्डू कुमार को भी प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया। हालांकि इस क्रम में स्थानीय लोगों ने जीप चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची शिवसागर थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है।

### आर्टिका कार ने बाइक में मारी ठोकर, एक व्यक्ति घायल

**कोचस (रोहतास), 07 जून (तरुणमित्र)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कोचस मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर रविवार को अर्टिगा कार ने बाइक में ठोकर मार दी जिसमें एक 50 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए.घायल युवक की पहचान प्रेम शंकर प्रसाद उम्र 53 वर्ष ग्राम कल्याणपुर बंजारी थाना रोहतास के बताए जाते हैं. घटना के बारे में बताया जाता है कि घायल व्यक्ति अपने बाइक से कोचस होते हुए मोहनिया की तरफ रिश्तेदारी मे जा रहा था तभी अर्टिगा कार ने पीछे से ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल अवस्था में उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां मौके पर उपस्थित डॉक्टर राजीव रंजन ने उक्त व्यक्ति की दाहिना पैर टूटने तथा शरीर में गंभीर चोट आने की बात कह बेहतर इलाज के लिए सासाराम ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।

### भाजपा नगर इकाई की मासिक बैठक

**बिक्रमगंज / रोहतास , 07 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी बिक्रमगंज नगर इकाई की मासिक बैठक नगर के डुमरांव रोड स्थित पूर्व विधायक राजेश्वर राज के आवास पर हुई । जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष पंकज सिंह एवं संचालन जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह ने की । कार्यक्रम की शुरूआत सभी ने अपने पुरोधा पंडित दिन दयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर की गई ।तत्पश्चात उक्त अवसर पर आए हुए सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व फूलमाला से सम्मानित किया गया । पूर्व बैठक की समीक्षा के उपरांत सभी कार्यकताओं ने अपना विचार रखा । पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की । विश्व पर्यावरण दिवस के साथ-साथ सेवा और सुशासन के माध्यम से सभी कार्यक्रमों को पूरा करने का आह्वान किया । उन्होंने 21 जून को योग दिवस मनाने का विशेष रूप से आग्रह किया । मासिक बैठक में काराकाट विधानसभा संयोजक अजीत सिंह,अनुसूचित जाति मोर्चा सदस्य लक्ष्मण पासवान,विस्तारक कुश पांडेय,महिला मोर्चा अध्यक्ष शारदा पांडेय,मंडल पदाधिकारी गुड़िया देवी,सदस्य मनी देवी,रामवती देवी,आरती देवी,राजकुमारी देवी, काशीनाथ पासवान,मुन्ना पासवान सहित कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।

### आपसी विवाद में मारपीट के दो मामले दर्ज, नौ लोगों पर प्राथमिकी

**दिनारा रोहतास, 07 जून (तरुणमित्र)।** नटवार थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की दो घटनाओं में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों मामलों में कुल नौ लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है।पहला मामला थाना क्षेत्र के करहंसी गांव का है, जहां आपसी विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का आरोप लगाया गया है। इस संबंध में करहंसी गांव निवासी उषा कुंअर, पति स्वर्गीय जितेंद्र सिंह द्वारा नटवार थाना में आवेदन देकर गांव के ही पंकज कुमार समेत पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।वहीं दूसरा मामला रामगढ़ टोला का है, जहां आपसी विवाद में मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में रामगढ़ टोला निवासी मनोज चौधरी के पुत्र हीरालाल चौधरी ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही महेंद्र चौधरी के पुत्र सूरज कुमार सहित चार लोगों पर अपने तथा अपने भाइयों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के आवेदन के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

### पेंशन योजना का स्वीकृत राशि भुगतान को ले दर-दर भटक रही रजिया

**दावथ रोहतास, 07 जून (तरुणमित्र)।**मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभार्थी सं0 23414592067198019 को बैंक ओर ब्लॉक के कर्मचारियों के द्वारा महीनों से दौड़ाया जा रहा है बुजुर्ग महिला को सरकारी लाभ नहीं पहुंचा तो उसने डीएम को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। बताया कि मैं रजिया खातुन पति-शेख अलुद्दीन ग्राम सहिनाँव, पो० - बभनौल,थाना प्रखंड दावथ,जिला-रोहतास का निवासिनी हूँ। मैं काफी गरीब एव उम्रदराज महिला हूँ। मेरा पेंशन खाता पंजाब नैशनल बैंक शाखा दावथ में है तथा मेरा पेंशन स्वीकृत हो चुका है। मेरी उम्र करीब 63 वर्ष से ज्यादा हो रहा है। बिहार सरकार द्वारा मेरा पेंशन स्वीकृत होकर दिनांक 30/09/025 को 1100 रुपए, 31/10/25-2200 रु० 30/11/025-3300 रुपए तथा 31/12/025-4400 रू० प्रखंड में आ गया है परन्तु प्रखंड वो कर्मचारीगण तथा वार्ड, मुखीया, सरपंच एव टेबुल लिपिक ने हम गरीब लाचार महिला का उक्त राशी बैंक में नहीं भेज रहे है।

## महज 30 मिनट की बारिश में डूबा दिनारा, सड़कें बनीं तालाब तो पीएचसी में घुसा पानी, व्यवस्था पर उठे सवाल

**दिनारा रोहतास, 07 जून (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को दिनारा में हुई महज 30 मिनट की बारिश ने नगर पंचायत की जलनिकासी व्यवस्था की हकीकत उजागर कर दी। हल्की बारिश के बाद ही नगर की प्रमुख सड़कें, बाजार और राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) जलमग्न हो गए। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर जाने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बारिश शुरू होने के कुछ ही देर बाद दिनारा चौक से प्रखंड मुख्यालय जाने वाला मुख्य मार्ग तालाब में तब्दील हो गया। सड़क पर जमा पानी के बीच राहगीरों को आवाजाही में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दोपहिया वाहन चालक पानी में बंद होते इंजनों और फिसलन भरे रास्तों से जूझते नजर आए, जबकि पैदल चलने वाले लोग सुरक्षित रास्ते की तलाश में इधर-उधर भटकते रहे। बाजार क्षेत्र में भी हालात बदतर रहे। दुकानों के सामने पानी जमा होने से ग्राहकों की आवाजाही लगभग ठप हो गई, जिससे व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हुआ। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष नियमित रूप



से टैक्स देने के बावजूद उन्हें जलजमाव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। उनका आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा विकास और सुविधा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत पहली ही बारिश में सामने आ जाती है। बारिश का सबसे गंभीर असर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिनारा में देखने को मिला, जहां अस्पताल परिसर और मुख्य प्रवेश मार्ग पर घुटनों तक पानी जमा हो गया। जलजमाव के कारण अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्य कर्मियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि अस्पताल भवन का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई। नतीजा यह है कि थोड़ी सी बारिश होते ही पूरा परिसर जलमग्न हो जाता है। लोगों ने आशंका जताई कि यदि किसी गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचना पड़े तो उसे भी इस अव्यवस्था का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।नगरवासियों ने नगर पंचायत की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि मानसून पूर्व नाला सफाई का कार्य केवल कागजों पर हुआ है। जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल हल्की बारिश भी लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाती है। उनका कहना है कि यदि समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की गई होती तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों का कहना है कि दिनारा विधानसभा क्षेत्र विकास के दावों को लेकर अक्सर चर्चा में रहता है, लेकिन पहली ही बारिश में सड़कों से लेकर अस्पताल तक का जलमग्न हो जाना विकास कार्यों की वास्तविक तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पंचायत से अविलंब जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## खाद्य मिलावट के खिलाफ जागरूकता व जांच अभियान की उठी मांग

**सासाराम, 07 जून (तरुणमित्र)।** जिले में खाद्य पदार्थों में बढ़ती मिलावट को लेकर एक सामाजिक संस्था सोसाइटी अगेंस्ट फूड अल्टरेशन ने जिला प्रशासन से आर्थिक एवं प्रशासनिक सहयोग की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जिला पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर खाद्य मिलावट के विरुद्ध व्यापक जागरूकता अभियान एवं जांच कार्यक्रम चलाने की अनुमति और सहयोग देने का अनुरोध किया है।

आवेदन में कहा गया है कि वर्तमान समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्या बन चुकी है। मिलावटी खाद्य सामग्री के सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस



समस्या के समाधान के लिए संस्था जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाना चाहती है। संस्था द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रमों में खाद्य पदार्थों की जांच अभियान, गांवों एवं शहरों में जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों और कॉलेजों में सेमिनार, बाजारों एवं दुकानों में निरीक्षण अभियान तथा पोस्टर, बैनर और रैली के माध्यम से जनजागरण शामिल हैं। पंकज कुमार ने जिला प्रशासन से कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु आर्थिक सहायता, संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने तथा आवश्यक प्रशासनिक अनुमति एवं सहयोग उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि प्रशासन के सहयोग से जिले में खाद्य मिलावट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी और आम जनता को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा। संस्था ने यह भी उम्मीद जताई है कि जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण अभियान में जिला प्रशासन सकारात्मक पहल करते हुए आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# मठ बनाम कब्रिस्तानः जमीन के खेल में अब विधायक की एंट्री, तहसील प्रशासन कटघरे में

## विधायक डॉ. असीम राय ने तहसीलदार का किया स्क्रू टाइट, कहा- जांच कर सच्चाई सामने लाएं



कुशीनगर, 07 जून (तरुणमित्र)। जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के डुमरिया मठ में कब्रिस्तान की भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। मठ की जमीन पर कथित हेराफेरी और कब्रिस्तान के नाम पर निर्धारित रकबे से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा कर बाउंड्री वॉल खड़ा किये जाने के आरोपों ने मामले को तूल दे दिया है। शिकायत सीधे क्षेत्रीय विधायक डॉ. असीम कुमार राय तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल संज्ञान लेते हुए तहसीलदार का स्क्रू टाइट कर जांच के निर्देश दिए।

मठ के महंत एवं पूर्व प्रधान रूद्रानंद गिरी ने विधायक डॉ असीम राय से मुलाकात कर दस्तावेजों का पुलिंदा सौंपते हुए आरोप लगाया कि मठ की भूमि से जुड़े अभिलेखों में गंभीर गड़बड़ी की गई है। उनका कहना है कि कब्रिस्तान की खतौनी में दर्ज भूमि महज 48 डिसमिल है, जबकि मौके पर लगभग 100 डिसमिल अवैध कब्जा कर चाहरदीवारी खड़ी कर दी गई है **तीन महीने से फाइल दबाए बैठे है तहसीलदार** महंत गिरी का आरोप है कि उन्होंने पुरातत्व विभाग से जांच कराने संबंधी दस्तावेज और शिकायत तीन माह पूर्व तहसील प्रशासन को सौंप दी थी, लेकिन तहसीलदार ने कमीशनर के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच करा दी जाए तो जमीन से जुड़े पूरे मामले का सच सामने आ जाएगा। **विधायक ने तहसीलदार को किया फोन** मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक डॉ. असीम कुमार राय ने तहसीलदार तमकुहीराज को दूरभाष पर क्लास लगायी और निर्देशित किया कि शिकायत की तत्काल जांच कराई जाए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि यदि जांच में कब्रिस्तान की बाउंड्री निर्धारित रकबे से अधिक पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

विधायक ने कडे शब्दों में कहा कि इसमे किसी प्रकार की लापरवाही व हिलाहवाली बर्दाश्त नही किया जायेगा। मीडिया से बातचीत में महंत रूद्रानंद गिरी ने कहा कि वर्षों पुराने धार्मिक स्थल की भूमि को लेकर लगातार विवाद खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से मठ की संपत्ति को निशाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासनिक जांच ही इस पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने ला सकती है।

# महिला थाने ने चार परिवारों के मध्य कराया सुलह समझौता

संत कबीर नगर, 07 जून (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 एवं परिवार परामर्श केन्द्र के अन्तर्गत (टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह* एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय* के कुशल मार्गदर्शन मे आज दिनांक 07.06.2026 को परिवार परामर्श केन्द्र महिला थाना जनपद संतकबीरनगर पर थाना थानाध्यक्ष पूनम मौर्या की अध्यक्षता मे एवं थाने पर नियुक्त म0का0 विनिता सिंह ,म0का0 रम्भा यादव, व थाने पर नियुक्त काउन्सलर रिफातुल्लाह अंसारी कि उपस्थिति में 04 मामले आये । जिसमें सुलह समझौता कराकर बिखरते हुए परिवार को जोड़ा गया । प्रथम पक्ष सुमन पुत्री राजेन्द्र जयसवाल सा0 मेंदावल थाना मेंदावल जनपद संतकबीरनगर व द्वितीय पक्ष झ प्रदीप पुत्र कृपाशंकर सा0 नौतनवा थाना नौतनवा जनपद महाराजगंज के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है । दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया । प्रथम पक्ष झ रजिया खातून पत्नी शमसे आलम निवासी छितहि थाना महुली जनपद संतकबीरनगर व द्वितीय पक्ष झ शमसे आलम पुत्र शौकत अली निवासी छितही थाना महुली जनपद संतकबीरनगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है । दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया । प्रथम पक्ष रकीबुनिशा पुत्री मुजीबुल्लाह निवासी करमाखान थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर व द्वितीय पक्ष झ मो0 शरीफ पुत्र जाफर अली निवासी इठवा थाना को0 खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है । दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया । प्रथम पक्ष झ खुशबू पुत्री कृषचन्द्र निषाद निवासी केकरहे (रेहरवा) थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर व द्वितीय पक्ष झ विकास कुमार निषाद पुत्र मुन्नर प्रसाद निवासी दुधारा जनपद संतकबीरनगर के मध्य पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी - खुशी रहने को तैयार है । दोनो पक्षों मे आपसी सहमति से सुलह समझौता कराया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक की ईमानदारी से खोया हुआ मोबाइल उसके स्वामी को मिला वापस

संत कबीर नगर , 07 जून (तरुणमित्र)। आज दिनांक 07.06.2026 को थाना महुली क्षेत्र के ग्राम भगौतीपुर निवासी राकेश चन्द पुत्र स्वर्गीय राजबली ने ईमानदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए एक गिरे हुए मोबाइल फोन को पाकर तत्काल इसकी सूचना थाना महुली पुलिस को दी । सूचना प्राप्त होने पर थाना महुली पुलिस द्वारा सक्रियता दिखाते हुए मोबाइल धारक की पहचान एवं पता-ठिकाना ज्ञात करने का प्रयास किया गया । जांच के दौरान मोबाइल फोन के स्वामी का नाम हिमांशु मिश्रा पुत्र श्री वीरेंद्र मिश्रा निवासी ग्राम महुली खास थाना महुली जनपद संतकबीरनगर होना पाया गया । इसके उपरांत थाना महुली पुलिस द्वारा हिमांशु मिश्रा को थाना बुलाकर आवश्यक सत्यापन के बाद उनका मोबाइल फोन सकुशल सुपुर्द किया गया । अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर विमलेश मिश्रा के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी तथा उन्होंने राकेश चन्द एवं थाना महुली पुलिस का आभार प्रकट किया। थानाध्यक्ष महुली एवं उपस्थित पुलिसकर्मियों द्वारा राकेश चन्द की ईमानदारी की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया गया तथा अन्य लोगों को भी ऐसी परिस्थितियों में ईमानदारी एवं जिम्मेदारी का परिचय देने के लिए प्रेरित किया गया। थाना महुली पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की खोई हुई वस्तु मिलने पर निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचित करें, जिससे वस्तु को उसके वास्तविक स्वामी तक पहुंचाया जा सके ।

### निकोबार बचाओ अभियान को धार देने में जुटी कांग्रेस, विधानसभावार प्रभारी नियुक्त

देवरिया, 07 जून (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी ने जनपद में 8 जून से 15 जून तक चलने वाले निकोबार बचाओ हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने के लिए विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय की हैं।जारी सूची के अनुसार देवरिया सदर विधानसभा में सुनील कुमार तिवारी और मनोज मणि त्रिपाठी, पथरदेवा में जुलेखा खातून व रमेश मल्ल पिंटू, रामपुर कारखाना में जयप्रकाश धनगर व आलोक त्रिपाठी राजन, सलेमपुर में दीनदयाल यादव व मार्कण्डेय मिश्रा, बरहज में अब्दुल जब्बार व राकेश तिवारी भोला तथा रुद्रपुर विधानसभा में राम अशीष साहनी व सच्चिदानंद मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल रोशन ने कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर व्यापक जनसमर्थन जुटाया जाएगा। उन्होंने बताया कि नियुक्त प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित कर हस्ताक्षर अभियान को गति देंगे।उन्होंने भरोसा जताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी से अभियान को व्यापक सफलता मिलेगी।

# आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के साथ योग शिविर का आयोजन, 253 लोगों ने किया सहभाग



देवरिया, 07 जून (तरुणमित्र)। गायत्री शक्तिपीठ देवरिया के प्रांगण में रविवार को आयुष विभाग द्वारा आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत योग शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 253 लोगों ने प्रतिभाग कर योग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा का लाभ उठाया।योग शिविर में प्रतिभागियों को अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, भुजंगासन, मर्कटासन सहित अनेक योगाभ्यास कराए गए। योग प्रशिक्षक जागृति ने योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। आयुष शिविर में गठिया, उदर रोग, वात रोग, अनिद्रा आदि बीमारियों से संबंधित रोगियों को परामर्श के साथ औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी जय राम यादव, डॉ. प्रदीप कुमार यादव, फार्मासिस्ट उपेंद्र मणि, वार्ड बॉय विकास मिश्रा, योग सहायक यतींद्र विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग एवं आयुष पद्धति के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना रहा।

## हरदुआगंज मालगोदाम से मक्का की पहली रेक लोडिंग शुरू

प्रयागराज, 07 जून (तरुणमित्र)। मण्डल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व एवं वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (फ्रेट) अतुल यादव के मार्गदर्शन में प्रयागराज मण्डल को माल ढुलाई के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। हरदुआगंज मालगोदाम से पहली बार रेल मार्ग द्वारा मक्का की सफल लोडिंग कर एक नए व्यापारिक अध्याय की शुरूआत की गई है। जनसम्पर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि 06 जून को हरदुआगंज मालगोदाम से मुजफ्फरनगर के लिए 21 बीसीएन वैगनों की मिनी रेक में मक्का का सफलतापूर्वक लदान किया गया। यह लोडिंग संजीव कुमार सुनील कुमार द्वारा की गई,।

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

देवरिया, 07 जून (तरुणमित्र)। जनपद की थाना भटनी पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना भटनी में दर्ज मुकदमा संख्या 126/2026 में नामजद अभियुक्त निखिल कुमार पुत्र मोतीलाल राजभर निवासी समूहती टोला चरखिया, थाना विजयीपुर, जिला गोपालगंज (बिहार) को मुखबिर की सूचना पर शिवबनकटा चौराहा से डुमरी मार्ग पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक 19 मई 2026 को एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में थाना भटनी पर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। पुलिस ने पीड़िता को 27 मई को सकुशल बरामद कर लिया था। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार और हेड कांस्टेबल अरविंद यादव शामिल रहे।वहीं दूसरी ओर मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिलेभर में बहू-बेटी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित तथा दहेज उत्पीड़न की शिकार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना रहा।जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीमों ने गांवों और कस्बों में चौपाल व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रहे प्रधानमंत्री मोदी : पवन

देवरिया, 07 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा किसान मोर्चा की तैयारी बैठक भाजपा कार्यालय औरा-चौरी पर आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर किसान मोर्चा की ओर से 18 और 19 जून को दो दिवसीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें किसानों को प्राकृतिक खेती के तौर-तरीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि 21 जून तक जिलेभर में पौधरोपण अभियान चलाकर 1100 पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही पौधों के संरक्षण के लिए पालक भी नियुक्त किए जाएंगे। 20 जून को किसान मोर्चा पदाधिकारी बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक वितरित करेंगे।पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और विश्वास का नया वातावरण बना है।बैठक में भगवान यादव, मुकेश राय, नीरज शाही बैरौना, प्रभुनाथ पाण्डेय, अरुण मिश्र, रामाश्रय यादव, सुमंत चतुवेर्दी, सत्येंद्र सिंह सोनू, शैलेन्द्र राव, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र पाठक, सुनील यादव, अनवर खान, जय प्रकाश यादव, गुड्डू यादव और गोलू यादव सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत



गाजीपुर , 07 जून (तरुणमित्र)। सैदपुर कोतवाली क्षेत्र के अंडरपास के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति और एक मासूम बच्ची घायल हो गए। मृतकों में देवरानी-जेठानी और गोद में मौजूद एक मासूम बच्चा शामिल है। हादसे के बाद इलाके में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिजार्पुर जनपद के अदलहाट थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी प्रतीक गिरी पुत्र कुंदन गिरी अपनी बीमार सास का हालचाल लेने आजमगढ़ गए थे। वहां से लौटते समय उनकी पत्नी काजल गिरी (23 वर्ष), दो माह का पुत्र सेजल, एक वर्षीय पुत्री श्रेया तथा भाभी रितु देवी (25 वर्ष), पत्नी पंकज गिरी बाइक पर सवार थीं। बताया जा रहा है कि जैसे ही परिवार की बाइक सैदपुर अंडरपास के नीचे पहुंची, पीछे से चिरैयाकोट की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार यात्री बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही बाइक सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय बस को आगे बढ़ा दिया, जिससे सड़क पर गिरी काजल गिरी, रितु देवी और काजल की गोद में मौजूद दो माह के मासूम सेजल बस की चपेट में आ गए। तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं हादसे में प्रतीक गिरी और उनकी एक वर्षीय पुत्री श्रेया गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और कोतवाली क्षेत्र के पास बस को रोक लिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की खबर मिलते ही मृतकों के परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है तथा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।सैदपुर सड़क हादसे में अपडेट है। गाजीपुर मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की है। हर संभव मदद का भरोसा जताया है। घटना पर शोक संवेदना प्रकट की है।

# फिटनेस व पर्यावरण का संदेश, 65 प्रतिभागियों ने निकाली साइकिल रैली

- विश्व साइकिल दिवस पर स्टेडियम से निकली संडेज ऑन साइकिल रैली
- नियमित साइकिलिंग अपनाने व स्वस्थ जीवनशैली के लिए किया प्रेरित



राजापाकड़/कुशीनगर , 07 जून (तरुणमित्र)। विश्व साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम रविंद्र नगर से संडेज ऑन साइकिल विशेष संस्करण रैली निकाली गई। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों, युवाओं, विद्यार्थियों व आम नागरिकों ने उत्साह के साथ भाग लेकर फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।रैली का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश रावत, कुशीनगर साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानवर्धन गोविंद राव व सचिव अनिल कुमार मिश्र ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली स्टेडियम परिसर से विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्टेडियम पहुंची। इस दौरान प्रतिभागियों ने नियमित साइकिल चलाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रवेश रावत ने कहा कि संडेज ऑन साइकिल अभियान का उद्देश्य युवाओं व आमजन को फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। नियमित साइकिलिंग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण व ईंधन बचत में भी मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में साइकिलिंग को शामिल करने की अपील की। कुशीनगर साइकिलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष ज्ञानवर्धन गोविंद राव ने कहा कि साइकिलिंग एक सरल व प्रभावी व्यायाम है, जो स्वास्थ्य लाभ के साथ पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि फिट इंडिया अभियान के तहत देशभर में साइकिलिंग को जनआंदोलन बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एसोसिएशन के सचिव अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने लोगों से नियमित साइकिलिंग अपनाने व फिट तथा स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। रैली में कुल 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री बी.एन. मिश्रा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, अमिताभ कुमार त्रिपाठी, राकेश मणि, डा. नंदलाल, कुश्ती कोच पंकज कुमार यादव, एथलेटिक्स कोच दुर्गावती, नीरज सिंह, धनंजय पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर किया निरीक्षण

संत कबीर नगर , 07 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को निष्पक्ष, पारदर्शी, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी आलोक कुमार व पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा संयुक्त रूप से थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत मौलाना अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज एवं हीरालाल पीजी कॉलेज खलीलाबाद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का व्यापक जायजा लिया गया । निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए निम्नलिखित बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई और संबंधित प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गएः जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश और निकास के समय किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ से बचने के लिए सुव्यवस्थित लाइनिंग और बैरिकेडिंग प्रबंधन की समीक्षा की गई।

परीक्षा कक्षों, लॉबी और मुख्य द्वारों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता को परखा गया, ताकि पूरी परीक्षा प्रक्रिया की तीसरी आंख से कड़ी निगरानी की जा सके। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश, शौचालय तथा बैठने की समुचित व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।अधिकारीद्वय द्वारा ड्यूटी पर लगाए गए संबन्धित को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी तरह से नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अफवाह फैलाने वाले या शुचिता भंग करने का प्रयास करने वाले शरारती तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक थाना को0 खलीलाबाद जयप्रकाश पाण्डेय, परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक सहित अन्य प्रशासनिक/ पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# आदर्श नगर पंचायत में अनुदान योजना के तहत छात्र-छात्राओं को मिलीं साइकिलें

उसका बाजार (सिद्धार्थनगर), 07 जून (तरुणमित्र)। सिद्धार्थनगर जिले के आदर्श नगर पंचायत उसका बाजार कस्बा स्थित शिव मंदिर प्रांगण में अनुदान योजना के तहत एक भव्य साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पंचायत के पयोहारी आश्रम के महाराज लालबहादुर दास, शासन द्वारा मनोनीत भाजपा सभासद पवन जायसवाल और भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश वर्मा ने संयुक्त रूप से पात्र लाभार्थियों और छात्र-छात्राओं को साइकिलें सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मात्र 2400 रुपये में मिली साइकिल, खिले लाभार्थियों के चेहरे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पयोहारी आश्रम के महाराज लालबहादुर दास ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पात्र लोगों तक पहुँच रहा है। इसी क्रम में आज बेहद रियायती दर पर मात्र 2400 रुपये में जरूरतमंदों को साइकिलें वितरित की गई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि छात्र-छात्राओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तक ऐसी आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्र के विकास और आम जनता के कल्याण के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। समय और धन दोनों की होगी बचतः भाजपा सभासद शासन द्वारा मनोनीत भाजपा सभासद पवन जायसवाल ने योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बतायाः इस साइकिल वितरण योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, श्रमिकों तथा जरूरतमंद लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा देना है।

इससे कम खर्च में लोगों के समय और धन दोनों की बचत होगी। विशेषकर दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अब विद्यालय आने-जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई पर बेहतर ध्यान दे सकेंगे। लाभार्थियों ने जताया आभार। साइकिल प्राप्त करने के बाद छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने सरकार और कार्यक्रम के आयोजकों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उनका कहना था कि इस योजना से उनकी रोजमर्रा की आवागमन की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी।

## पिपरपाती मुख्य मार्ग पर जलभराव से राहगीर परेशान, ग्रामीणों ने की समाधान की मांग

नेबुआ नौरंगिया कुशीनगर कुशीनगर, 07 जून (तरुणमित्र)। विकास खंड नेबुआ नौरंगिया के ग्राम सभा पिपरपाती में नौरंगिया आईटीआई चौराहे से पिपरपाती होते हुए महेशरा मार्ग को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क पर जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिपरपाती कुर्मी टोला के मुख्य मार्ग पर एक स्थान पर बरसात का पानी लंबे समय से जमा होने के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों और वाहन चालकों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क पर पानी इतना अधिक भर जाता है कि पैदल चलना भी कठिन हो जाता है। कई लोग फिसलकर गिर चुके हैं, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरती हैं, जिन्हें जलभराव के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क संकरी होने के साथ-साथ जलभराव के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य बड़े वाहनों को साइड लेने में भी परेशानी होती है।

# आगामी मोहर्रम व श्रावण मास के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक संपन्न



सिद्धार्थ नगर , 07 जून (तरुणमित्र)। आगामी श्रावण मास और मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में आज दिनांक 07 जून 2026 को पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुक्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गोल्हौरा रामदेव द्वारा थाना परिसर में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए जूलूस आयोजकों, ताजियादारों, ग्राम प्रधानों, संभ्रांत व्यक्तियों और धर्म गुरुओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे थानाध्यक्ष रामदेव ने उपस्थित सभी नागरिकों और त्योहार आयोजकों से अपील की कि वे आगामी त्योहारों को पारंपरिक सद्भाव, शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं।

इस दौरान शासन और उच्चाधिकारियों द्वारा जारी की गई आवश्यक गाइडलाइंस और दिशा-निर्देशों को विस्तार से पढ़कर सुनाया गया और सभी से इसका कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया गया।समस्याओं की हुई सुनवाई, दिए गए जरूरी निर्देश

बैठक का मुख्य फोकस क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना रहा। थानाध्यक्ष ने बैठक में मौजूद प्रबुद्ध जनों और आयोजकों की समस्याओं व सुझावों को एक-एक कर बेहद ध्यान से सुना। समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई भी अराजक तत्व शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस प्रशासन चौबीसों घंटे आपकी सुरक्षा और सहयोग के लिए तत्पर है। बैठक के अंत में उपस्थित सभी संभ्रांत नागरिकों और धर्मगुरुओं ने प्रशासन को त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# मैंने वर्षों तक योगासन का अभ्यास किया और कभी हार नहीं मानी : रितु मंडल

## विश्व योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण जीतकर ओलंपिक सपनों को दी नई उड़ान

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली 20 साल की योगासन खिलाड़ी रितु मंडल ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और परिवार के समर्थन को दिया। उन्होंने कहा कि मैंने वर्षों तक योगासन का अभ्यास किया और कभी हार नहीं मानी। उनके कठिन सफर में परिवार ने हमेशा साथ दिया, जिस कारण उन्होंने यह सफलता हासिल की।

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली रितु मंडल के लिए इस उपलब्धि ने उन्हें और उनके परिवार को उनके बड़े सपने भारत का प्रतिनिधित्व करने और एक दिन ओलंपिक पदक जीतने के और करीब पहुंचा दिया है। रितु के लिए ये पदक वर्षों की मेहनत, त्याग और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। रितु ने साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) मीडिया से बातचीत में कहा कि मेरे पिता एक राजमिस्त्री हैं। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद मेरे परिवार ने हमेशा मेरे सपनों का समर्थन किया। मैंने वर्षों तक योगासन का अभ्यास और प्रशिक्षण किया, जबकि मेरी उम्र के कई लोग अन्य कामों में व्यस्त थे।

चुनौतियां बहुत थीं, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी क्योंकि मुझे अपने लक्ष्य पर विश्वास था। उनके बड़े भाई गौतम ने उनकी सफलता में विशेष भूमिका निभाई है। गौतम स्वयं एक योगासन खिलाड़ी रह चुके हैं और राज्य स्तर तक प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं, लेकिन आर्थिक परिस्थितियों के कारण उन्हें खेल छोड़ना पड़ा। हाल ही में फिजियोथेरेपी की पढ़ाई पूरी करने के बाद वो अपना अधिकांश समय रितु के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन में लगाते हैं। रितु बताती हैं कि उनके भाई का योगासन के प्रति जुनून आज भी उतना ही



मजबूत है और उनका सबसे बड़ा सपना रितु को इस खेल की सर्वोच्च ऊंचाइयों तक पहुंचते देखना है। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई योगासन को लेकर बेहद जुनूनी हैं और मुझे इस खेल में सबसे ऊंचे मुकाम पर देखना चाहते हैं। शायद इसलिए क्योंकि वे खुद भी योगासन खिलाड़ी थे, लेकिन परिस्थितियों के कारण आगे नहीं बढ़ सके। उन्हें मुझमें क्षमता दिखाई देती है और वे लगातार मुझे बेहतर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। अच्छे प्रदर्शन के बाद भी वे कहते हैं, 'बहुत अच्छा, लेकिन अभी और सुधार की जरूरत है। तुम्हें अभी लंबा सफर तय करना है।' मैं उनकी इस बात की बहुत सराहना करती हूं। वे मेरे लिए सबसे अच्छा चाहते हैं और मुझे लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।'

विश्व मंच पर अपनी पहचान बनाने से पहले रितु राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता हासिल कर चुकी थीं।

उन्होंने खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीते थे। इन उपलब्धियों ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उतरने का आत्मविश्वास दिया। अहमदाबाद में उन्होंने दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ योगासन खिलाड़ियों के बीच संतुलन, लचीलापन, शक्ति और सटीकता का शानदार प्रदर्शन किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने उन्हें दो स्वर्ण पदक दिलाए और वे विश्व योगासन चैंपियनशिप में दो स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गईं।

यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह चैंपियनशिप का पहला संस्करण था। जैसे-जैसे योगासन को विश्व स्तर पर पहचान मिल रही है, रितु जैसे खिलाड़ी इस खेल में भारत की अग्रणी भूमिका को मजबूत कर रहे हैं। अपनी सफलता के बावजूद रितु मानती हैं कि उनकी यात्रा अभी शुरू ही हुई है। उन्होंने कहा, 'मैं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहती हूं। मेरा सपना है कि योगासन को एशियाई खेलों, राष्ट्रमंडल खेलों और अंततः ओलंपिक में शामिल किया जाए। भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतना मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य है।'

रितु ने गलगोटिया यूनिवर्सिटी का भी आभार व्यक्त किया, जो उन्हें हर महीने 13,000 की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए आर्थिक सहायता बहुत महत्वपूर्ण होती है। यह छात्रवृत्ति मुझे अपने परिवार पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना खेल जारी रखने में मदद करती है और मुझे अपने भविष्य पर ध्यान केंद्रित करने का आत्मविश्वास देती है।

## जापान में एशियाई खेलों के लिए छह सदस्यीय भारतीय टीम भेजेगा आईजीयू

**नई दिल्ली।** जापान के आइची-नागोया में आयोजित होने वाले 20वें एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) छह सदस्यीय भारतीय गोल्फ टीम भेजेगा। पुरुष और महिला वर्ग की गोल्फ स्पधाएं 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक कसुगाई कंट्री क्लब ईस्ट कोर्स में आयोजित की जाएंगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 451वें स्थान पर मौजूद युवराज संधू भारतीय पुरुष टीम का नेतृत्व करेंगे, जिसमें वीर अहलावत (विश्व रैंकिंग 558) और सप्तक तलवार (विश्व रैंकिंग 576) भी शामिल हैं। विश्व नंबर 135 अदिति अशोक भारतीय महिला टीम की कप्तानी करेंगी। टीम में दीक्षा डागर (विश्व रैंकिंग 221) और प्रणवी उर्स (विश्व रैंकिंग 270) भी शामिल हैं। अदिति अशोक ने 2023 हांगझोऊ एशियाई खेलों में व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता था। खिलाड़ियों का चयन एशियाई खेलों के लिए आईजीयू की चयन नीति के अनुसार किया गया।

## केएस स्पोर्ट्स अंडर-16 क्रिकेट: भानु प्रताप सिंह क्लब बना चैम्पियन

**प्रयागराज।** भानु प्रताप सिंह क्लब ने किड्स प्रयागराज क्लब को 60 रन से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-16 कलर ड्रेस क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमा लिया।चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर रविवार को खेले गए फाइनल मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 202 रन (आदित्य विक्रम बिंद 50, अंशुमान पाल 27 नाबाद, रमन पटेल 27, शिव गौतम) बनाए।

जवाब में किड्स प्रयागराज क्लब की पूरी टीम 28.1 ओवर में 142 रन (राघव दुबे 55, हर्षित सहाय 53) पर सिमट गई।

मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश एवं रेलवे टीम के पूर्व रणजी क्रिकेटर एवं भारतीय रेलवे टीम के पूर्व



चयनकर्ता केबी काला ने पुरस्कार वितरित किया। अमित यादव को मैन ऑफ द मैच, प्रियांशु पाल को बेस्ट बैटर, अंकुश सिंह को बेस्ट बॉलर एवं मैन ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। आयोजन सचिव विपिन कुमार यादव ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देखकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन क्रिकेट कोच सचिन प्रकाश सिंह ने किया।

इस मौके पर पवन वर्मा, रामचंद्र यादव, कशिश यादव, रॉकी राज व राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## भारतीय टीम ने 564 रन पर घोषित की पहली पारी, गिल-राहुल ने जड़े शतक

**न्यू चंडीगढ़।** भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी। पहली पारी में कप्तान शुभमन गिल (126) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) ने शानदार शतक जड़े। साई सुदर्शन (81), ऋषभ पंत (81) और वाशिंगटन सुंदर (52) ने अर्धशतकीय पारियां खेली।

अफगानिस्तान के लिए तेज गेंदबाद मोहम्मद सलीम सैफी सबसे सफल रहे और छह विकेट अपने नाम किए, जबकि जियाउर रहमान शरीफी और हशमातुल्लाह शाहिदी को एक-एक विकेट मिला। न्यू चंडीगढ़ में खेले जा रहे टेस्ट में भारतीय टीम ने दूसरे दिन पहली पारी में तीन विकेट पर 368 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल और ऋषभ पंत ने पारी को आगे बढ़ाया और पहली पारी में टीम के स्कोर को 400 रन के पार ले गए।

हालांकि कुछ देर बाद कप्तान गिल 177 गेंदों पर 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 126 रन बनाकर आउट हो गए। भारतीय टीम का ध्रुव जुरेल के रूप में पांचवां विकेट गिरा। जुरेल 20 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। सुबह के सत्र में भारतीय टीम को ऋषभ पंत के रूप में एक और झटका लगा। पंत शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और शतक के करीब



थे, लेकिन बड़ा शॉट मारने के दौरान कैच आउट हो गए। पंत ने 121 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 81 रन बनाए।

दूसरे दिन लंच ब्रेक तक भारतीय टीम पहली पारी में छह विकेट खोकर 475 रन बनाए। इसके बाद दूसरे सत्र में टीम ने 500 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया। भारत का सातवां विकेट 510 के कुल स्कोर पर गिरा। मानव सुथार अपने पदार्पण मैच की पहली पारी में 41 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए।

मोहम्मद सिराज 12 गेंदों पर 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद भारतीय टीम ने 564 रन पर पारी घोषित कर दी। वाशिंगटन सुंदर 68 गेंदों पर 52 रन और कुलदीप यादव 26 गेंदों पर 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले भारत की ओर से पहले दिन सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 165 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 100 रन, साई सुदर्शन 104 गेंदों पर 81 रन और यशस्वी जायसवाल ने 32 गेंदों में 24 रन बनाए थे।

## अर्थव्यवस्था

# अगले सप्ताह सिर्फ एक कंपनी के आईपीओ की लॉन्चिंग, छह कंपनियों के शेयर होंगे लिस्ट

**नई दिल्ली।** सोमवार यानी आठ जून से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह सिर्फ एक कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर रही है। ये आईपीओ एसएमई सेगमेंट का है। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है।

इस इकलौते आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले चार आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। इन चार आईपीओ में से तीन एसएमई सेगमेंट के हैं, जबकि एक आईपीओ मेनबोर्ड सेगमेंट का है। इस सप्ताह छह कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 12 जून को हॉरिजॉन रिक्लेम इंडिया का 54.27 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 16 जून तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 98 रुपये से लेकर 103 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है।

इस नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह चार जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले वाह केमिकल्स के 13.45 करोड़ रुपये के आईपीओ में कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 60 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 11 जून को कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 6.48 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इसी तरह चार जून को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले यूएचएम वैकेसन के 36.02 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी कल यानी आठ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 157 रुपये प्रति शेयर से लेकर 166 रुपये प्रति सेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 800 शेयर का है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 11 जून को कंपनी के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 66 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। इसके अलावा पिछले सप्ताह पांच जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले हेक्सागॉन न्यूट्रिशन के 138.87 करोड़ रुपये के आईपीओ में मंगलवार यानी नौ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 42 रुपये प्रति शेयर से लेकर 45 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 333 शेयर का है।

इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 जून को कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 1.65 गुना सब्सक्रिप्शन मिल चुका है।

पांच जून को ही सब्सक्रिप्शन के लिए खुले जेनएक्साई एनालिटिक्स के 54.84 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी नौ जून तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 110 रुपये प्रति शेयर से लेकर 116 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 12 जून को कंपनी के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 60 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है।

इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन आठ जून को बीएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर मैट्रिमॉनिक्स की लिस्टिंग हो सकती है। इसके बाद 10 जून को सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इसके अगले दिन 11 जून को वाह केमिकल्स और यूएचएम वैकेशन के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इसके बाद सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन हेक्सागॉन न्यूट्रिशन के शेयर बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं।

इसी दिन जेनएक्साई एनालिटिक्स के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरूआत कर सकते हैं।

## एमपीएल टी-20: बुंदेलखंड बुल्स महिला टीम ने ग्वालियर शेरनीज को 4 विकेट से हराया

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) टी-20 सिंधिया कप के महिला वर्ग में बुंदेलखंड बुल्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए ग्वालियर शेरनीज को रोमांचक मुकाबले में 4 विकेट से हरा दिया। मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित डेली कॉलेज रविवार को खेले गए इस मैच में बुंदेलखंड बुल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करते हुए ग्वालियर शेरनीज ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाए। ग्वालियर शेरनीज की शुरूआत सलामी बल्लेबाज नुजहत परवीन और आशना पाटीदार ने करते हुए पहले विकेट के लिए 37 रन जोड़े। आशना 15 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुईं।

इसके बाद नुजहत परवीन ने सौम्या तिवारी के साथ मिलकर 41 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की और टीम की पारी को आगे बढ़ाया। कप्तान नुजहत के 45 गेंदों में 38 रन बनाकर आउट होने के बाद शेरनीज की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।

बुंदेलखंड बुल्स की ओर से शुचि उपाध्याय और मुस्कान बिस्वास ने शानदार गेंदबाजी की। शुचि ने अपने 4 ओवर में 30 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि मुस्कान ने 17 रन देकर 2 विकेट चटकाए। पायल बाल्मिक ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में सिर्फ 14 रन देकर 1 विकेट लिया। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुंदेलखंड बुल्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 31 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। इसके बाद कप्तान अनुष्का शर्मा और सुहानी शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 49 रनों की अहम साझेदारी कर पारी को संभाला। सुहानी ने 19 गेंदों में 25 रनों की उपयोगी पारी खेली। दूसरे छोर पर अनुष्का शर्मा ने जिम्मेदारी संभालते हुए संयमित बल्लेबाजी जारी रखी और टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचाया। मैच का रोमांच 17वें ओवर में और बढ़ गया, जब माही ठाकुर आउट होती नजर आईं, लेकिन गेंद नो-बॉल घोषित होने से उन्हें जीवनदान मिल गया।

इस मौके का फायदा उठाते हुए माही ठाकुर ने 18 गेंदों में महत्वपूर्ण 16 रन जोड़े। इसके बाद पायल बाल्मिक रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं, लेकिन अनुष्का शर्मा अंत तक नाबाद रहीं और अपनी टीम को जीत दिलाकर लौटीं। अनुष्का ने 49 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली और इसी प्रदर्शन के दम पर टीम ने 19.2 ओवर में छह विकेट पर 121 बनाते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

# टॉप 10 में शामिल सात कंपनियों का मार्केट कैप 1.25 लाख करोड़ से अधिक गिरा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल सात कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि तीन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हो गई। शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से सात के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 1.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान देश में सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जबकि मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरा स्थान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल कंपनियों में शेष बची तीन कंपनियों के मार्केट कैप में 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) सबसे आगे रही, जबकि आईसीआईसीआई बैंक दूसरे स्थान पर रही।

इस सप्ताह के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, लार्सन एंड टूब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 1,25,670.23 करोड़ रुपये की गिरावट आ गई। दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 21,278.42 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई।



सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए चार दिन के कारोबार के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 39,718 करोड़ रुपये घट कर 17,47,321.40 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 20,134.66 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 7,95,346.09 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 18,736.04 करोड़ रुपये कम होकर 10,96,150.49 करोड़ रुपये के स्तर पर, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 16,880.20 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,43,956.44 करोड़ रुपये के स्तर पर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 14,610.74 करोड़ रुपये फिसल कर 5,05,873.32 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 9,681.36 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 5,53,580.97 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 5,909.23 करोड़ रुपये घट कर 4,98,301.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

दूसरी ओर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 12,692.09 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 9,02,523.63 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 4,484.86 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,05,074.77 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 4,101.47 करोड़ रुपये उछल कर 11,50,743.31 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया।

मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,47,321.40 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,50,743.31 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 10,96,150.49 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,05,074.77 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,02,523.63 करोड़ रुपये), टीसीएस (कुल मार्केट कैप 7,95,346.09 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 5,53,580.97 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,43,956.44 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,05,873.32 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 4,98,301.31 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।